CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 23° C

लखनऊ, मंगलवार 12 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 17 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव के एजेंडे में नहीं है विकास: योगी

पेज 2



ओलंपियन अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

खेल टाइम्स



शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

सम्पादकीय



फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

पेज 12

## एयर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे कई सांसद

**नई दिल्ली।** केरल के तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के बाद में चेन्नई में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई और विमान में सवार कई सांसदों की जान बाल-बाल बच गई। विमान से यात्रा कर रहे कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस हवाई सफर को अत्यंत डरावना बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर अनुभव साझा करते हुए एक पोस्ट में उड़ान संख्या एआई 2455 की यात्रा को अत्यंत कष्टप्रद बताया और कहा कि इस यात्रा में वे 'त्रासदी के बेहद करीब' पहुंच गए थे। उन्होंने लिखा कि उड़ान पहले से ही विलंब थी। एयर इंडिया के इस विमान में कई सांसद और सैकड़ों यात्री थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हमें अभूतपूर्व स्थिति का सामना करना पड़ा। लगभग एक घंटे बाद कैप्टन ने उड़ान सिग्नल में खराबी की घोषणा की और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ दिया।

# वोट चोरी मुद्दा: 300 विपक्षी सांसदों ने किया चुनाव आयोग पर प्रदर्शन

## राहुल-प्रियंका व अखिलेश को हिरासत में लिया, दो घंटे बाद छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची संशोधन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया, तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ। मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।





- प्रदर्शन में दो महिला सांसद हुईं बेहोश
अखिलेश यादव ने बैरिकेडिंग फांदी

### दिल्ली-NCR के नागरिक प्रशासन व स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी

# आवारा कुत्तों की नसबंदी करें: SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। लोगों पर आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनडीएमसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि 8 हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें।




- अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट

## कबूतरों को दाना डालने वालों पर होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** पशु प्रेमियों के बाद पक्षी प्रेमियों को भी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के कबूतरखानों के मामले में सोमवार को सुनवाई की। अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेशों में दखल देने से इन्कार किया। अदालत ने कहा कि इस अदालत का समानांतर हस्तक्षेप उचित नहीं है। याचिकाकर्ता आदेश में संशोधन के लिए हाईकोर्ट जा सकता है। दरअसल हाईकोर्ट ने कबूतरों को दाना डालने के स्थान यानी कबूतरखाना से संबंधित आदेश में नगर निगम के आदेशों की अवहेलना करते हुए कबूतरों को दाना डालने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट के इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।







## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' 14 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार 14 अगस्त को सभी 75 जिलों में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1947 की त्रासदी को याद करना, युवा पीढ़ी को शिक्षित करना और बचे हुए लोगों के परिवारों के अनुभव साझा करना है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान विस्थापित हुए लोगों की स्मृति को सम्मानित करना है। विभाजन से प्रभावित परिवारों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और इस दौरान जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को थप्पड़ मारने वाले को 11 लाख इनाम

**रायबरेली।** यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य को बीते दिनों रायबरेली में एक युवक ने थप्पड़ मारने वाले युवक को 11 लाख रुपये का इनाम दिया गया है। आरोपियों की पहचान शिवम यादव व रोहित द्विवेदी के नाम से हुई थी। रक्षाबंधन के दिन दोनों की जेल रिहाई हो गई।रिहाई के बाद रोहित द्विवेदी को आशीष तिवारी नाम के व्यक्ति ने पूर्व मंत्री को थप्पड़ मारने पर 11 लाख रुपये का चेक दिया है।इसी बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने इनाम देने वाले लोगों पर तंज कसना शुरू कर दिया है और जिन दोनों आरोपियों ने हमला किया था उन्हें बीजेपी का गुंडा तक कह डाला। उन्होंने कहा कि ये सभी बीजेपी की गुंडे है। वे सही बोलने पर हमला करते है।

## गोरखपुर मामले को लेकर सपा सदस्यों ने वेल में की नारेबाजी

# हंगामे की भेंट चढ़ी यूपी विस की कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को पहले दिन की कार्यवाही गोरखपुर मामले को लेकर हंगामे की भेंट चढ़ गई। मामले की जांच की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्य लगातार हंगामा करते रहे लेकिन सरकार ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। प्रश्नकाल के दौरान भी सपा के सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करते रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विपक्ष जानबूझकर एक ऐसे मामले को तूल दे रहा है, जिसका कोई मतलब नहीं है। मुख्यमंत्री स्वयं इस पर अपना स्पटीकरण दे चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सपा विधायक लगातार वेल में आकर हंगामा करते रहे। खन्ना ने कहा कि विधानसभा के संसदीय इतिहास में आज पहली बार हुआ है जब पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जा रही थी और सदस्य हंगामा कर रहे थे। ए अशोभनीय दृश्य था। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सर्वदलीय बैठक के दौरान भी नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले की जानकारी नहीं दी। उसके बाद भी विधानसभा अध्यक्ष ने रात्रि भोज दिया, उसमें भी वो शामिल हुए। कहने का मतलब है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सरकार सदन चलाना चाहती है, लेकिन विपक्ष व्यवधान पैदा कर रहा है।



■ गोरखपुर में सरकार ने बनवाई सड़कें, सपा ने अपने समय में नहीं किया काम

### सपा का लोकतंत्र में विश्वास दिखावा मात्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है और इनसे सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। मानसून सत्र के पहले दिन सपा सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के बाद सदन को संबोधित करते हुए योगी ने सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए कहा कि सपा का लो. कतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

### निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु एक समान हो

**लखनऊ।** विधान परिषद में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने निजी व सरकारी स्कूलों में प्रवेश की आयु का मसला उठाते हुए कहा कि निजी स्कूल तीन साल में प्रवेश ले रहे हैं, जबकि दूसरी तरफ सरक. ारी विद्यालय पांच साल में बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को दो साल का समय अधिक लगता है और वो निजी स्कूल की तरफ बढ़ जाते हैं। ऐसे में सरकार से उनकी मांग है कि निजी व सरकारी स्कूलों के समय को एक किया जाए। वहीं शिक्षा को लेकर स्कूलों के मर्जर पर सपा के सदस्यों ने वॉकआउट भी किया। विधान परिषद में स्कूलों के मर्जर को लेकर सवाल उठाते हुए लाल बिहारी यादव ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे ले जाती है, जबकि भाजपा की सरकार संविधान के खिलाफ काम कर रही है।

# मानहानि मामले में मेधा पाटकर को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली, वार्ता

■ सुप्रीम कोर्ट ने 25 साल पुराने मामले में सामाजिक कार्यकर्ता की सजा व दोषसिद्धि को बरकरार रखा

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को राहत नहीं दी है।

कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने की आवश्यकता थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की दलील को ध्यान में रखते हुए लगाया गया जुर्माना रद्द कर दिया गया है। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ 24 नवम्बर 2000 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तब सक्सेना गुजरात में एनजीओ के प्रमुख थे। मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय ने एक जुलाई 2024 को पाटकर को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी पाते हुए पांच महीने के कारावास की सजा सुनाई।

# यूपी विस में जनहित के मुद्दों पर होगी सार्थक बहस: मायावती

लखनऊ, वार्ता

बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के सोमवार से शुरू हुए मानसून सत्र को लेकर विश्वास जताया कि चार कार्य दिवस का संक्षिप्त सत्र औपचारिकता मात्र नहीं रहेगा, बल्कि सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज से शुरू हो रहा मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना ज़रूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनी. तिक स्वार्थ, द्वेष व कटूता आदि



को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। बसपा अध्यक्ष ने संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने पर चिंता जताते हुए कहा कि जन अपेक्षा के अनुसार संसद की कार्यवाही नहीं चलने से लोगों में चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है, उसकी चर्चा व्यापक रूप से हर जगह गर्म है, जिसपर खास तौर से संसद में सही से चिन्तन-मनन करने की ज़रूरत है।

### गूगल मैप से हो रही घटनाओं को लेकर होगी चर्चा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन हालांकि सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। इस बीच बीएसपी के विधायक ने कहा है कि गूगल मैप की वजह से हो रही दुर्घटनाओं का मामला मंगलवार को सदन में उठेगा। विधानसभा में बीएसपी के नेता और रसड़ा से विधायक उमा शंकर सिंह ने नियम 56 के तहत इस मामले पर सदन में चर्चा कराने की मांग की है। उमाशंकर सिंह ने बताया कि गूगल मैप द्वारा पुल और मार्ग संबंधी जानकारी को समय से अपडेट नहीं कर रहा है।

# अखिलेश यादव के एजेंडे में विकास नहीं: योगी

## सीएम योगी ने सदन की कार्यवाही में भाग लेने आए सदस्यों का स्वागत किया

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि ए लोग हमेशा से ही विकास के खिलाफ रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए यह बात कही। इसके बाद सदन के भीतर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सदन की कार्रवाई में भाग लेने आए सभी सदस्यों का स्वागत करता हूं। यहां पर जनता विकास से जुड़े जिन मुद्दों पर जनप्रतिनिधि चर्चा करते हैं देश के अंदर वो एक नजीर के रूप में देखी जाती है। योगी ने कहा कि पिछले 8 साल के अंदर यूपी विधानमंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस बार का सत्र जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से विधायिका किस प्रकार आगे बध्ती है। हम सब उपस्थित हुए। उन्होने कहा कि आज सत्र शुरू होगा और सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछे जाएंगे। सरकार की ओर से सार्थक जवाब उपलब्ध कराया जाएगा। बाढ़ से जुड़े मुद्दे और जलजमाव से जुड़े मुद्दे उठेंगे स्वस्थ्यशिक्षा के मुद्दों पर सरकार ने जो भी किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के साथ विकसित भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया ।विकसित भारत विक. सित यूपी के लिए सरकार का विजन क्या है पहली बार इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि और 14 अगस्त को 24 घण्टे इस पर चर्चा होगी। इस विजन डाक्यूमेट को हर किसी की सहभागिता हो इस पर चर्चा करेगी। मेरी अपील है कि आठ साल के भीतर समाज के हर तबके को लेकर बेहतरीन प्रयास किया। उसकी चर्चा देश के भीतर हुई। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परशेप्शन में अंतर आया है। हम सभी प्रस्तावों का जो युवाओं और यूपी के विकास से जुड़े होंगे चर्चा हो। सार्थक चर्चा हो। मेरी अपील सभी प्रतिपक्षियों से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वो अनावश्यक न्यूजसेन्स क्रिएट करेंगे, तो जनता की अदालत में न्याय होगा। स्वाधीनता दिवस के पूर्व यूपी के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर संदेश देने का काम करेंगे। जब भारत 2047 में विकसित होगा, तो यूपी भी इसमें शामिल होगा। विकास के प्रति भाजपा और सरकार की प्रतिबद्धता है। उनकी नहीं है। विकास इनके एजेंडे में नहीं है, इसलिए ऐसे असंसदीय शब्दो का प्रयोग करते है।



■ पिछले आठ साल के अंदर यूपी विधान मंडल ने अनेक उपलब्धियां हासिल की :सीएम



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 100201
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114308
प्रति किलो



# सेंसेक्स व निफ्टी तेजी के साथ हुए बंद

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनोल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की 15 अगस्त को प्रस्तावित बैठक की खबरों से सोमवार को भारतीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत चढ़ गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.29 अंक (0.93 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 0.91 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 221.75 अंक चढ़कर 24,585.05 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक पिछले सप्ताह शुक्रवार को तीन महीने के निचले स्तर पर बंद हुए थे। ट्रम्प और पुतिन के बीच बैठक पर सहमति बन गई है। अमेरिका के अलास्का में 15 अगस्त को होने वाली



इस बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकलने की संभावना है। इस खबर से दूसरे एशियाई शेयर बाजारों के साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी लिवाली रही। सेंसेक्स आज करीब 28 अंक की मामूली बढ़त के साथ खुला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। इसका दिवस का निचला स्तर 79,772.46 अंक और उच्चतम स्तर 80,636.05 अंक रहा। अंत में यह 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक लगभग आठ अंक की बढ़त के साथ 24,371.50 अंक पर खुला। इसका निचला स्तर 24,347.45 अंक और ऊपरी स्तर 24,600.85 अंक तक गया। अंत में 24,585.05 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर अन्य समूहों में तेजी रही।

रियलिटी, ऑटो, एफएमसीजी और बैंकिंग समूहों में खूब लिवाली हुई। एनएसई का 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक 0.96 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम भरोसा दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.36 प्रतिशत चढ़ गया। विदेशों में एशिया का निक्केई 1.85 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.19 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 फीसदी की बढ़त में बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला. जुला रुख रहा। जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत की गिरावट और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा था।

# सोने और चांदी की कीमतों में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 741 रुपए घटकर 1,00,201 रुपए पर आ गया है। एक किलो चांदी भी 424 रुपए गिरकर 1,14,308 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,430 रुपए है, जबकि मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। वहीं कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 93,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है, तो भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,800 रुपए है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है।

# बुसान एक्सपो से जनवरी तक 1000 कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना

लखनऊ, वार्ता

दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक नगर बुसान के बेक्सको में 7 से 10 अगस्त तक आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने अपने समृद्ध बौद्ध विरासत की झलक प्रस्तुत की। सम्मेलन में यूपी पर्यटन के पवेलियन ने आगंतुकों को भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों और बौद्ध सर्किट की विशेषताओं से रूबरू कराया।

एक्सपो के दौरान हुई वार्ताओं के क्रम में अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच उत्तर प्रदेश के बौद्ध सर्किट में 1000 से अधिक कोरियाई पर्यटकों के आने की संभावना है। बुसान में आयोजित एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन पवेलियन का शुभारंभ भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव एवं हेड ऑफ चांसरी अनन्या अग्रवाल (आईएफएस-2013) और उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान कोरियाई बौद्ध धर्म के सबसे सम्मानित भिक्षुओं में से एक सुबुल सुनीम की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु (पिपर. हवा), संकिसा और श्रावस्ती जैसे प्रतिष्ठित बौद्ध स्थलों के संरक्षण और उन्नयन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, भारत आकर इन स्थलों की तीर्थ यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। एक्सपो में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने राज्य के भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख तीर्थस्थलों का भव्य प्रदर्शन किया। यूपी की बौद्ध धरोहरों ने वैश्विक मंच पर आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। पवेलियन में रोचक कहानियों, सांस्कृतिक प्रदर्शनियों और अनूठी सजावट ने विशेष रूप से लोगों को लुभाया। उत्तर प्रदेश पर्यटन प्रतिनिधिमंडल ने जोगए ऑर्डर के ले बौद्ध एसोसिएशन के अध्यक्ष जंग वोनजू से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। बैठक में भारत यात्रा को प्रोत्साहित करने में जोगए ऑर्डर की संभावित भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। अयोध्या का विशेष उल्लेख किया गया, जहां आने में कोरियाई आगंत. ुकों ने गहरी रुचि दिखाई। कोरिया की महारानी हियो वांग-ओक का जन्म अयोध्या में हुआ था, जिससे यह स्थान कोरियाई पर्यटकों के लिए विशेष ऐतिहा. सिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

# धार्मिक स्थल को लेकर हिन्दू मुस्लिम आमने सामने

■ मकबरे को शिव मंदिर बताकर किया अनुष्ठान, पुलिस तैनात

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर जिले में धार्मिक स्थल पर दावे को लेकर हिंदू और मुस्लिम संगठन सोमवार को आमने-सामने आ गए। एक हफ्ते पूर्व से हिंदू संगठन मकबरे को शिव मंदिर बता कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कह रहे हैं।

विवाद की आशंका को लेकर जिला प्रशासन ने विवादित क्षेत्र को बैरीकेडिंग से कवर कर दिया था मगर आज दोनों पक्ष के हजारों लोग वहां पहुंच गए। भीड़ में प्रशासन द्वारा लगाई गई बैरिकेड को तोड़ दिया। मौके पर भारी फोर्स के साथ प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया कि शहर के अबू नगर मोहल्ले में मकबरा और प्राचीन शिव मंदिर को लेकर हिंदू संगठनों और मुस्लिम संगठनों ने अपना-अपना दावा किया है एक हफ्ते पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने मकबरे को प्राचीन शिव मंदिर बात कर धार्मिक अनुष्ठान करने की बात कही थी, उनके आह्वान पर प्रशासन ने मकबरे के पास से दूर से बैरिकेडिंग कर रखी थी और एक दर्जन थाने की फोर्स को तैनात कर दिया था। इस बीच भीड़ ने विवादित स्थल पर धार्मिक झंडा लगा दिया जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। प्रशासन ने झंडा तो उतरवा दिया है, लेकिन हिंदू और मुस्लिम संगठन लाठी डंडों के साथ अगल-बगल मौजूद हैं। सूचना पाकर प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और आईजी अजय मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए हैं। भारी संख्या में पीएसी बुलाई गई है। अभी तक किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। डीएम रविंद्र कुमार पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह भी पर हैं।

# देश विरोधी ताकतों के दबाव में राहुल गांधी: चौहान

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया और अब चुनाव आयोग को बदनाम कर रहे हैं।

चौहान ने सोमवार को यहां जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि गांधी और इंडिया गठबंधन देश विरोधी ताकतों के दबाव में लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी ने पहले विदेशों में जाकर देश को बदनाम किया, चुनाव आयोग को बदनाम किया, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को बदनाम किया, सेना के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया और सेना के शौर्य पर सवाल खड़े किए। चौहान ने कहा कि वे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार झूठ बोल रहे हैं, ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ बोला और जब



■ इंडिया गठबंधन लोकतंत्र को बदनाम कर रहे है: शिवराज

सेना ने सारे तथ्य सामने रखे तो उनकी बोलती बंद हो गई। पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए कि ईवीएम के कारण वह चुनाव हारते हैं, सबूत मांगे, तो सबूत दिए नहीं। उच्चतम न्यायालय ने बाद में फटकार लगाई, तो मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए। अब ईवीएम छोड़ दिया, अब मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर आ गए, अब मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं राहुल गांधी, कांग्रेस के नेताओं और इंडिया गठबंधन से पूछना चाहता हूं, क्या कर्नाटक में कांग्रेस मतदाता सूचियों की गड़बड़ियों के कारण जीती?

### भाजपा का गठबंधन पर तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को आरोप लगाया कि संविधान की दुहाई देने वाले इंडिया गठबंधन के नेता देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट कर देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। प्रधान ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता मतदाता सूची को लेकर शोरशराबा करके इसमें घुसपैठियों को शामिल करवाकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। ये लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और उनका दल, इंडिया गठबंधन के लोग, विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी, जो आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं। सबसे ज्यादा संविधान विरोधी काम अगर कोई कर रहा है, तो उसके सरगना भी राहुल गांधी ही हैं। प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पहले ईवीएम को लेकर झूठ बोलती है, कभी महाराष्ट्र की बात उठाते हैं।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मूसलाधार बारिश से लखनऊ मंडल बेहाल

## अगले दो दिन तेज वर्षा की आशंका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोमवार दोपहर से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने महानगर की रफ्तार थाम दी।

हजरतगंज, गोमतीनगर, कमता क्रॉसिंग, पॉलीटेक्निक चौराहा, आलमबाग और शहीद पथ जैसे प्रमुख मार्गों पर घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई स्थानों पर जलभराव के कारण सिविल अस्पताल, हाईकोर्ट और इकाना स्टेडियम के आसपास आवागमन ठप हो गया, तो हजरतगंज चौराहे पर एम्बुलेंस तक जाम में फंस गई। दिनभर उमस और गर्मी के बाद बारिश ने जहां राहत दी, वहीं जलजमाव और ट्रैफिक बाधा ने परेशानी बढ़ा दी। लखनऊ मंडल के अन्य जिलोंख्रउन्नाव, बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, अमेठी और सुलतानपुर में भी दिनभर बादल छाए रहे और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। हरदोई में सोमवार दोपहर बूंदाबांदी के बाद मंगलवार को सुबह हल्की बारिश और दोपहर में गरज-तड़ित वर्षा की संभावना है। रायबरेली, अमेठी और सुलतानपुर में भी अगले चौबीस घंटों में बादल छाने और हल्की बारिश के साथ कभी-कभी तेज बौछारें पड़ने का अनुमान है।

उन्नाव में मंगलवार सुबह गरज के साथ वर्षा और दिन में बादल बने रहेंगे, जबकि सीतापुर में दोपहर के समय बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से सक्रिय हवाओं और चक्रवातीय प्रणाली के कारण लखनऊ समेत पूरे मंडल में अगले 24 से 48 घंटे के दौरान गरज-तड़ित के साथ तेज बारिश की आशंका है। तापमान न्यूनतम 26 से 27 डिग्री और अधिकतम 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। मंगलवार को सुबह हल्की वर्षा और बादलों के बीच दोपहर बाद तेज वर्षा की संभावना है।

## कुष्ठ रोग प्रभावित दिव्यांगों का सहारा बनी योगी सरकार: नरेंद्र कश्यप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों और कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के जीवन स्तर सुधारने के लिए लगातार काम कर रही है। पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने कुष्ठावस्था पेंशन योजना और दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के जरिए लाखों जरूरतमंदों को आर्थिक सहारा दिया है। इसी तरह, दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन पिछले तीन वर्षों में 30,86,102 दिव्यांग. जनों तक पहुंची और चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 11,32,240 लोगों के खातों में यह राशि सीधे हस्तांतरित हुई है।

# ऑफलाइन तबादला सूची की मांग पर माध्यमिक शिक्षकों का लखनऊ में निदेशालय घेराव

## 22 को मंत्री आवास कूच की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा निद. ेशालय के शिविर कार्यालय के बाहर सोमवार को एडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

उनकी प्रमुख मांग है कि ऑफलाइन तबादला सूची तत्काल जारी की जाए, क्योंकि लटके तबादलों ने न केवल सेवा संबंधी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, बल्कि निजी जीवन भी प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि कुंआरे टीचरों की शादी नहीं हो रही, तबादले में हो रही देरी इसका कारण है। प्रदर्शन का नेतृत्व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऑफलाइन तबादला प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से शिक्षक हताश हो चुके हैं, शासन-प्रशासन को उनकी पीड़ा समझनी चाहिए।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि यदि 20 अगस्त तक सूची जारी नहीं हुई, तो 22 अगस्त को मंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष व प्रवक्ता डा आर पी मिश्र ने याद दिलाया कि 11 जुलाई को भी शिविर कार्यालय पर विशाल धरना दिया गया था, लेकिन विभाग ने अब तक ठोस कदम नहीं उठाया।

विधान परिषद में नेता शिक्षक दल डी के त्रिपाठी ने कहा कि तबादला प्रक्रिया में शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न और आर्थिक शोषण हुआ है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन अब पीछे नहीं हटेगा और यदि मांगें अनसुनी रहीं तो 22 अगस्त को मंत्री आवास की ओर कूच कर निर्णायक चरण में प्रवेश करेगा।

# मिश्रिख-नैमिषारण्य उपचुनाव में पूर्व विधायक नजरबंद, फर्जी मतदान का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयुक्त (पंचायत एवं नगरीय निकाय) को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि नगर पालिका परिषद मिश्रिख-नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर के उपचुनाव में पार्टी के पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता को उनके घर में नजरबंद कर मतदान से वंचित किया गया, जो पूर्णत: अलोकतांत्रिक है।

पार्टी ने बताया कि बूथ संख्या सोलह और सत्रह पर अभी तक पीठासीन अधिकारी द्वारा बूथ एजेंट नियुक्त नहीं किए गए, जबकि कई बूथों पर भाजपा नेताओं की मौजूदगी में फर्जी मतदान हो रहा है।

शिकायत में कहा गया है कि भाजपा विधायक मिश्रिख रामख्रष्ण भार्गव, भाजपा ब्लॉक प्रमुख मिश्रिख रामकिंकर पाण्डेय, रामगढ़ चीनी मिल के चेयरमैन रामगोपाल अवस्थी, सीतापुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेन्द्र अवस्थी और विजय भार्गव मतदान केंद्रों पर बैठकर फर्जी वोट डलवा रहे हैं। आरोप यह भी है कि बूथ संख्या तीन पर नीली शर्ट पहने एक कर्मचारी भाजपा समर्थकों को एक के स्थान पर चार बैलेट पेपर दे रहा है।

पार्टी ने महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के उपचुनाव में भी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए कहा कि बूथ संख्या पैंतीस और छत्तीस नूरपुर में पुलिस मतदाताओं के पहचान पत्रों की जांच कर उन्हें मतदान से रोक रही है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और भयमुक्त, निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराया जाए।

## टावर पर चढ़ा युवक, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुंद्रासन निवासी सोनू पुत्र सुरेश वर्मा थाना हरगांव का कीपैड मोबाइल बीते शुक्रवार को गायब हो गया था। सोनू ने गांव के ही भारती पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में शिकायत की थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच सोनू, भारती, अनिल और पंकज के मध्य समझौता हो गया। लोगों ने अपील कि वह नीचे उतर आए तो दूसरा मोबाइल दिलवा दिया जाएगा। लेकिन वह वही मोबाइल लेने के लिए हंगामा करते हुए अनिल,पंकज और भारती को पकड़ने की मांग करने लगा। सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी हरगांव अरविन्द कुमार पाण्डेय ने समझा बुझाकर उसे नीचे उतरवाया। सोनू नीचे उतरते ही भाग गया।

# डीएम ने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बगाही का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को विकास खंड जगदीशपुर के अंतर्गत संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, बगाही का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों के संरक्षण, आहार, चिकित्सा एवं साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए केयर टेकर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण में बताया गया कि आश्रय स्थल में 200 से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने सभी गोवंशों की ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार गोवंशों की जानकारी लेते हुए पता चला कि वर्तमान में 2 गोवंश बीमार हैं, जिनका उपचार पशु चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। चिकित्सक समय-समय पर आकर आवश्यक चिकित्सा सेवा प्रदान करते हैं। उन्होंने हरे चारे की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में गौशाला में भूसा एवं 22 बोरी पशु आहार उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा, पशु आहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही श्री चौहान ने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा/भूसा रजिस्टर एवं केयर टेकर के भुगतान संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया और इन्हें नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कमजोर एवं बीमार गोवंशों की देखभाल पर ध्यान देने और गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी प्रदान किए।

# काकोरी कांड की शताब्दी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** काकोरी कांड की सौवीं वर्षगांठ पर ''क्रांति दिवस'' की पूर्व संध्या में हरदोई रोड स्थित काकोरी शहीद स्मारक पर कांग्रेसजनों ने जयहिन्द यात्रा निकाली।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे मुख्य अतिथि रहे, अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने की। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्रा 'मोना', राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी धीरज गुर्जर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी और अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवननाथ पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों लोग तिरंगा व तख्तियां लेकर देशभक्ति के नारों के साथ शहीद स्मारक पहुंचे, जहां चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला, रोशन सिंह और राजेन्द्र लाहिड़ी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। अविनाश पांडे ने अगस्त को क्रांति का माह बताते हुए भारत छोड़ो आंदोलन की गूंज को याद किया। अजय राय ने युवाओं से देशभक्ति का जज्बा अपनाने का आह्वान किया, जबकि अराधना मिश्रा ने कहा कि शहीदों के संघर्ष ने न सिर्फ देश को आजाद कराया बल्कि एक सूत्र में पिरोया।

कार्यक्रम के संयोजक मो. हनीफ खान ने सभी का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडे, निवर्तमान उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, शरद मिश्रा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, महासचिव मुकेश सिंह चौहान, सेवादल मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद पांडे, प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पांडे, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, जिलाध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, अमित श्रीवास्तव, अंकित तिवारी, राजेश सिंह काली, आसिफ रिजवी, अनस रहमान, राजेश जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। विशेष रूप से नेतागण लखनऊ मांटेसरी स्कूल भी पहुंचे, जहां स्वाधीनता आंदोलन की नायिका दुर्गा देवी वोहरा (दुर्गा भाभी) की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्वतंत्रता संग्राम शोध केन्द्र और उनके आवास का अवलोकन कर जर्जर भवन को दुरुस्त कराने का आश्वासन भी दिया गया।

## दो आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली कर्वी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ यूपी गुंडा नियंत्रण अधि. नियम की धारा 3 के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों में वीरेंद्र पटेल (29) निवासी गत्ता वाली गली, लक्ष्मणपुरी और ओमप्रकाश उर्फ पट्टू (35) निवासी रामायण मेला, सीतापुर शामिल हैं। दोनों पर भोली-भाली जनता में भय और आतंक फैलाने तथा गुंडागर्दी करने के आरोप हैं।

# तिरंगा रैली निकाल देशभक्ति के प्रति प्रेरित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** सफाई कर्मचारियों द्वारा सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली देश की आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।



रैली का शुभारंभ कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से हुआ। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। बाइक रैली में सफाई कर्मचारियों द्वारा तिरंगा झंडा हाथों में लेकर पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई विभिन्न चौक-चौराहों से निकली, जिसमें देशभक्ति गीतों के साथ आमजन को 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस बाईक रैली के माध्यम से लोगों से अपील की गई कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय पर्व को गौरवशाली बनाएं और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## भाजपा कार्यालय के रिमोट से चल रहा चुनाव आयोग: लोकदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि आयोग अब जनता के नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के आदेश पर काम कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग का 'रिमोट' सीधे बीजेपी के कार्यालय से संचालित हो रहा है। सुनील सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक के इस युग में, जब कुछ सेकेंड में दुनिया का कोई भी डाटा साझा किया जा सकता है, तब चुनाव आयोग विपक्ष और जनता को मतदान से जुड़ा इलेक्ट्रॉनिक डाटा देने से क्यों डर रहा है। उनका कहना है कि यह डर इस बात का सबूत है कि चुनाव की चोरी हो चुकी है और आयोग इसमें बराबर का भागीदार है। लोकदल अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि चुनाव आयोग सच में निष्पक्ष है, तो तुरंत सभी ईवीएम और मतदान से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक डाटा सार्वजनिक करे। अन्यथा यह स्पष्ट हो जाएगा कि चुनाव आयोग बीजेपी का चुनावी ठेकेदार बन चुका है और उसका रवैया लोकतंत्र की हत्या के समान है।

# तिलोई और सिंहपुर में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई/सिंहपुर अमेठी।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार सुबह तिलोई मंडल में मंडल अध्यक्ष पंकज अवस्थी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली गई इस यात्रा का शुभारंभ शाम 5 बजे मोहनगंज चौराहे से हुआ।यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थामकर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के साथ पैदल मार्च किया और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य रामख्र ष्ण भारती, राम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम मूर्ति यादव, डॉ. सुरेंद्र सिंह (महामंत्री), सोनू सिंह, संजय मिश्रा (उपाध्यक्ष), ओमप्रकाश पासी, संदीप सिंह (मंत्री), अनूप प्रजापति, सूरजभान पासी, सुशील भारती, संदीप मिश्रा, पवन यादव, राजकरण उपाध्याय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद किया और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस से पहले लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना और युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करना था। स्थानीय नागरिक भी यात्रा में शामिल हुए और सड़क किनारे खड़े होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

### सिंहपुर में बंटी व भाजपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा

**सिंहपुर** ब्लॉक में सोमवार को तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, सिंहपुर मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई यात्रा अहोरवा चौराहे से शहीद स्मारक तक देश भक्ति के नारे के साथ निकाली गई ज़िला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बंटी सिंह ने शहीदों को नमन किया इस मौके पर सुनील पासी, बच्चूलाल यादव, अश्वनी सिंह सहित तमाम लोगों ने तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया आजादपुर में प्रधान प्रतिनिधि फकीर मोहम्मद मिस्टर की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

## दिल्ली में सपा नेताओं की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दिल्ली में विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे पक्षपात के आरोपों के विरोध में समा. जवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हजरतगंज चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया।

तेज बारिश के बीच बड़ी संख्या में एकत्र कार्यकर्ताओं ने हअखिलेश यादव और राहुल गांधी को तुरंत रिहा करो तथा 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने जब भीड़ को नियंत्रित करने और मार्ग खाली कराने का प्रयास किया तो कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की और झड़प हो गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। समाजवादी छात्र सभा नेति महेंद्र यादव व अन्य ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस और समा. जवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उनका आरोप था कि बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई तथाकथित 'व्यवस्थित जांच प्रक्रिया' (एस.आई.आर.) निष्पक्ष चुनाव पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अखिलेश यादव और राहुल गांधी को रिहा नहीं किया जाता और एस.आई.आर. प्रक्रिया वापस नहीं ली जाती, तब तक विरोध जारी रहेगा।

## बुसान बुद्धिज्म एक्सपो 2025 में चमका यूपी पर्यटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दक्षिण कोरिया के बुसान में 7 से 10 अगस्त तक आयोजित बुसान इंटरनेशनल बुद्धिज़्म एक्सपो 2025 में उत्तर प्रदेश पर्यटन पवेलियन ने प्रदेश की समृ) बौद्ध विरासत को भव्य रूप में प्रस्तुत किया। भगवान बुद्ध से जुड़े सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु (पिपरहवा), संकिसा और श्रावस्ती जैसे प्रमुख स्थलों की झलक ने कोरियाई आगंतुकों और भिक्षु समुदाय का ध्यान खींचा।

पवेलियन का शुभारंभ भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव अनन्या अग्रवाल और यूपी पर्यटन प्रतिनिधि ने किया। कोरियाई बौद्ध धर्म के वरिष्ठ भिक्षु सुबुल सुनीम ने यूपी सरकार के संरक्षण और उन्नयन प्रयासों की सराहना की और भारत यात्रा का निमंत्रण स्वीकार किया। अयोध्या, जहां कोरिया की महारानी हियो वांग-ओक का जन्म माना जाता है, को भी विशेष रुचि का केंद्र बताया गया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपी न केवल बौद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मंच पर ला रहा है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल

## 1 से 19 वर्ष के 7.65 लाख बच्चों को लक्षित, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में चला अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं को गोली खिलाकर किया।इस अवसर पर सीएमओ ने छात्राओं को ख्रमि संक्रमण से होने वाली बीमारियों, उनके लक्षण और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि दवा देने से पहले बच्चों की स्वास्थ्य जांच करें। खांसी, बुखार, सांस फूलना या अन्य बीमारी वाले बच्चे, तथा जो पहले से कोई दवा ले रहे हैं, उन्हें फिलहाल एल्बेंडाजोल न दी जाए।सीएमओ ने बताया कि जनपद में कुल 7,65,801 बच्चों को इस अभियान के तहत कवर किया जा रहा है। 1-2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली (200 एमजी) चूरा बनाकर और 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक पूरी गोली चबाकर खिलाई जाती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि गोली को चबाकर खाना जरूरी है, अन्यथा असर कम हो सकता है।जो बच्चे स्कूल नहीं जाते, उन्हें आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा दे रहे हैं। जो बच्चे आज छूट गए हैं, उन्हें 14 अगस्त को मेकअप राउंड में दवा दी जाएगी।सीएमओ ने यह भी आश्वस्त किया कि जनपद में एल्बेंडाजोल की पर्याप्त उपलब्धता है।

## उपचुनाव में मतदाताओं ने जमकर किया मतदान

**सीतापुर।** सोमवार को जिले के महमूदाबाद और मिश्रिख नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए मतदाताओं ने मतदान किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए गए थे।

नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए महमूदाबाद में 53 और मिश्रिख में 25 बूथों पर मतदान किया गया। महमूदाबाद के 52191 और मिश्रिख के 16790 मतदाता अपना नया अध्यक्ष चुनेंगे। एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों निकायों को पांच-पांच सेक्टर में बांटा गया है। साथ ही दो-दो जोन बनाए हैं।

शाम 5 बजे तक मतदान जारी रहेगा। मतदान के दौरान सीतापुर जनपद में जमकर बारिश हुई। इस वजह से मिश्रित के कुछ मतदान केदो पर जल भराव की समस्या आ गई।

इसके बावजूद मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। मतदाता जल भराव से निकलकर मतदान करते नजर आए। इस दौरान डीएम अभिषेक आनंद, एसपी अंकुर अग्रवाल चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# देशभक्ति के तरानों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** देश के अमर शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, व्यापारियों, विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही ज्ञान भारती इंटर कालेज के छात्रों ने भी सहभागिता की। इस दौरान डीजे पर देशभक्ति गीत गूंजते रहे।

सोमवार की दोपहर बस्ती में अवंतिका पार्क से भाजपा के मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में इंदिरा चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल लोग देशभक्ति के गीतों पर झूमते-गाते और देश के लिए अपने प्राणों की आहुतियां देने वाले

**सम्मान**

● **देश के शहीदों के प्रति सम्मान के भाव किए व्यक्त**

अमर शहीदों की शान में नारे लगाते हुए चल रहे थे। भारत माता के जयकारे भी गूंज रहे थे। रास्ते में कई स्थानों पर अतिथियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पवनीत दिवाकर एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी के पुत्र प्रमोद सागर, पालिका के अधिशासी



अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश अग्रवाल के साथ ही मंडल मंत्री अंकुर नागर, डा.राजीव शुक्ल एडवोकेट, महेंद्र सिंह प्रजा. पति, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह जाटव , नवीन गर्ग चंद्रपाल पाल, सौरभ जैन, सुरेश प्रजा. पति, सरदार मंजीत सिंह, गौरव कुमार, विनोद गुर्जर, उधम सिंह सिरोही, सूरजपाल पाल, रामपाल व्यास, पूर्व सभासद तेजपाल सिंह, शशि चौहान, सपना प्रजापति, नरेंद्र चौधरी, दिनेश अग्रवाल, युद्धवीर सिंह, राजीव राजपूत, जगतपाल सिंह, सभासद बृजेश अग्रवाल, तेजपाल सिंह, महिपाल चौहान, रवि चौधरी, राजेंद्र सिंह, नितिन कुमार, कपिल बंसल आदि शामिल रहे। शोभायात्रा में सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त रहे। गजरौला प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान एवं कस्बा चौकी इंचार्ज एसआई अतवीर सिंह भी फोर्स के साथ चल रहे थे।

# नौ प्रतिशत ब्याज से करें क्लेम का भुगतान

## उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** सड़क दुर्घटना में मरे किसान के परिजनों को दो लाख रूपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज की दर सके साथ करने के निर्देश उपभोक्ता फोरम द्वारा बीमा कम्पनी को दिये गये हैं।

मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव भानपुर खालसा में किसान पतराम सिंह का परिवार रहता है। गजरौला स्थित एक बैंक की शाखा में उनका खाता था। उन्होंने अपने बचत खाते में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एक पॉलिसी भी ले रखी थी। 20 अगस्त 2019 को पतराम सिंह की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मामले में परिजनों ने दिल्ली नंबर की एक गाड़ी के चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था।मृतक के बेटे योगेश व बेटी दुर्गेश ने क्लेम के लिए आवेदन किया लेकिन बैंक के साथ ही बीमा कंपनी ने कोई सुनवाई नहीं की। बाद में 14 जुलाई 2020 को क्लेम देने से साफ इनकार कर दिया। मृतक की पत्नी सावित्री देवी, उनके बेटे योगेश कुमार व बेटी दुर्गेश ने मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। फोरम के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह व महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने केस की सुनवाई करते हुए बैंक और बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। फोरम ने कहा कि एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पंचनामा एक दस्तावेज है। बैंक द्वारा प्रमाणित नहीं किए जाने पर भी वह साक्ष्य माने जाएंगे। बैंक और बीमा कंपनी ने जिन दस्तावेजों की मांग की है उन्हें उपलब्ध कराया गया है। इस आधार पर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बीमा कंपनी को कुल धनराशि दो लाख रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करने का आदेश दिया।

# विरोध देखकर रास्ता बंद करने पहुंची यूपीसीडा की टीम बैरंग लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने नगर के धनौरा रोड दिशा में स्थित औद्योगिक क्षेत्र फैज टू में एक नई इकाई को आवंटित भूखंड में स्थित एक रास्ते को बंद करने पहुंचे यूपीसीडा के अधिकारियों को स्थानीय लोगों व किसानों का विरोध झेलना पड़ा। किसानों ने कहा कि यहां पर किसानों के लिये यह रास्ता है और अभिलेखों में भी दर्ज है, जबकि यूपीसीडा के अधिकारियों के मुता. बिक रास्ता अवैध है। फिलहाल टीम वापस लौट गई। अब अभिलेखों की पड़ताल के बाद ही अग्रिम कार्रवाई होगी।



बता दें कि यूपीसीडा ने दिल्ली की एक इकाई को नया प्लांट लगाने के लिये पांच हजार वर्ग मीटर का भूखंड आवंटित किया है। मगर, इस प्लॉट से निकल रहे रास्ते पर किसानों का आवागमन है। सोमवार को यूपीसीडा के अधिकारी रास्ते को अवैध बताते हुए उसे बंद कराने के लिए पहुंचे तो किसानों ने विरोध करना शुरू कर दिया। नोकझोंक होने पर हंगामा हुआ। फिर टीम बैकफुट पर आ गई। यहां पर मौहल्ला तिगरिया भूड़ के मौजूदा सभासद चंद्रपाल सिंह, पूर्व सभासद पति वीरेंद्र उर्फ लाला, रामवीर सिंह गुर्जर, धर्मवीर सिंह, महकार सिंह आदि समेत अनेकों किसान मौजूद थे। यूपीसीडा के जेई धर्मेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि आवंटित भूखंड में रास्ते का कोई जिक्र नहीं है, न ही नक्शे में यह रास्ता दर्ज है। वहीं मौहल्लेवासियों का कहना है कि यहां पर रास्ता है और किसान यहां पर आवाजाही करते हैं। इस रास्ते को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध के बाद फिलहाल टीम वापस लौट गई है।

# त्यौहारों पर साम्प्रदायिक सौहार्द को न बिगड़नें दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि लोगों को साम्प्रदायिक सौहार्द को ध्यान में रखकर त्यौहार मनाने है। कोई समस्या है तो जिला प्रशासन को तुरंत अवगत कराये।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद ने कृष्ण जन्माष्टमी, रामडोल शोभायात्रा, गणेश चतुर्थी व चेहल्लुम आदि त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ली। डीएम ने कहा कि यदि त्यौहार पर किसी को कोई दिक्कत या परेशानी है तो तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दे। नगर पालिका, पंचायतों के अधिशासी अधिकारी त्यौहार पर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। चेहल्लुम पर निकलने वाले अलम निर्धारित मार्गो से ही निकाले जाये। जिन मार्गो पर कमियां है उन्हें समय रहते दूर किया जाये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि शोभायात्रा व जुलूस निर्धारित मार्गो से निकाला जाये। किसी नई परम्परा को जन्म न दिया जाये। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल को तैनात करें। पहले से ही संबंधित मार्गो का भ्रमण कर लिया जाये ताकि समय रहते दिक्कतों को दूर किया जा सके। इस मौके पर सभी एसडीएम, सीओ व शांति समिति की सदस्य मौजूद रहे।

# जिंदगी बचाने को 12 दिन मौत से लड़ता रहा युवक

## आग में झुलसने से हुआ था घायल, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** गांव से मजदूरी करने मुंबई गये युवक की फैक्ट्री में आग लगने से झुलस जाने के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक युवक 12 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव घर ला रहे हैं।



रहरा थाना क्षेत्र के गांव भोगपुरा निवासी परसोत्तम पुत्र सीताराम 18 वर्षीय मुंबई के कुफरी बाड़ा जिला पालघर स्थित एक पेट्रोलियम फैक्ट्री में दो अगस्त को आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गया था। जिसकी रविवार देर रात उपचार के दौरान मुम्बई के अस्पताल में 12 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच है।परसोत्तम फैक्ट्री में आग लगने की घटना से 15 दिन पूर्व ही मुंबई की जीत पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में काम करने गया था। दो अगस्त को फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाई खेड़ा निवासी अंकित की उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गई थी। परसोत्तम बुरी तरह झुलस गया था। परसोत्तम का उपचार भी मुंबई के एक अस्पताल में चल रहा था। लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी युवक की मौत हो गई उसे बचाया नहीं जा सका। परसोत्तम की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख-पुकार मच गई। उसकी मां लीलावती और चार बहन-भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है। चार बहन-भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। पोस्टमार्टम के बाद अंकित के शव को गांव लाया जा रहा है।

# बारिश के चलते मकान की दीवार गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** बारिश के चलते

**नुकसान**

● **गृहस्वामी ने बताया पचास हजार के नुकसान का अनुमान**

गरीब के मकान की बाहरी दीवार गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी बाहर निकल आए। गृहस्वामी के मुताबिक उसे पचास हजार रूपये की क्षति हुई है। जानक. ारी के अनुसार नगर के मौहल्ला फाजलपुर में चामुण्डा मंदिर वाली गली में ओमप्रकाश पुत्र प्रकाश का



मकान है। रविवार की रात को परिवार के लोग सोए हुए थे कि रात को करीब तीन चार बजे के बीच में अचानक मकान की बाहरी दीवार गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। लेखपाल ने भी घटनास्थल का मुआयना करके रिपोर्ट तैयार करके अधिकारियों को भेजने के प्रति आश्वस्त किया है।

# साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** थाना गजरौला पुलिस द्वारा 'साइबर अपराध जागरूकता अभियान' के तहत ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों के साथ साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक

**सीख**

● **किसी को भी अपना ओटीपी न बताएं, जागरूक रहें**

अखिलेश प्रधान ने कहा कि हमारी सतर्कता ही, साइबर अपराध से बचने में सबसे बड़ा उपाय है। किसी को भी कॉल पर




ओटीपी नहीं बताएं और न ही किसी फोन कॉल पर रकम दोगुना करने के लालच में आएं। ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड बनाएं। पैसे ट्रांसफर करने के लिये थर्ड पार्टी एप के प्रयोग से भी बचें। कहा कि यदि किसी के साथ साइबर फ्राड है तो तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके सूचना दर्ज कराएं। कॉलेज के प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी व प्रबंधक/ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रोहताश कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# आसपा ने सीमा विस्तार का किया विरोध

## प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा नगर पालिका सीमा विस्तार प्रस्ताव की निंदा करते हुए पहले से मौजूद अनेकों समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग की है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंच गये तथा उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा जो सीमा विस्तार प्रस्ताव भेजा गया है वह ठीक नहीं है। क्योंकि नगर में पहले से ही काफी अनेकों समस्याएं मौजूद है। सफाई व्यवस्था मुकम्मल नहीं है। नगर की गोकुलधाम कॉलोनी में अभी कच्चे रास्ते हैं। पहले नगर की समस्याओं का समाधान किया जाये उसके बाद सीमा विस्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि नगर की कॉलोनियों में अब तक सड़कों का निर्माण नहीं हुआ है। जिससे कठिनाई होती है। सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं आते हैं जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। बरसात के दिनों में पानी जमा हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक नगर की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक सीमा विस्तार नहीं किया जाये। ज्ञापन देने वालों में कौर कमेटी सदस्य देवेंद्र बैंसला, अथर अहसान, हाफिज नूर मोहम्मद, बोबा प्रधान, अतीक अहमद, राजू खेवान, प्रीतम सिंह, इमरान ठेकेदार, उस्मान चौधरी, मरदान अली, जोगिंदर सिंह, नीरज कुमार, राशिद खान, इंद्रेश, मोनू सागर आदि मौजूद थे।

# गन्ने का मूल्य पांच सौ रुपये करने की मांग

## किसानों ने सत्यपाल मलिक को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** सोमवार को ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन (असली) की मासिक पंचायत में किसानों के मुद्दों पर जमकर मंथन हुआ और कई सख्त चेतावनियां दी गईं। पंचायत की शुरुआत पूर्व राज्यपाल व किसानों के मसीहा कहे जाने वाले सतपाल मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करके हुई।



पंचायत में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग गूंजी। किसानों ने अंश निर्धारण के नाम पर राजस्व विभाग, खासकर लेखपालों पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया और कहा कि फर्द में हुई त्रुटियों को 8 सितंबर तक हर हाल में सुधारा जाए, वरना तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना होगा। इसके अलावा, भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए मध्य गंगा नहर और संबंधित नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग रखी गई। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा, गन्ने का भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करना किसानों का हक है, इसमें देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला सचिव कपिल प्रधान बोले, अंश निर्धारण में हो रही गड़बड़ी और बिजली आपूर्ति की समस्या से किसान त्रस्त हैं, समय रहते समाधान जरूरी है। तहसील अध्यक्ष कलुआ खां ने कहा, आठ सितंबर की डेडलाइन के बाद किसान चुप नहीं बैठेंगे, धरना और आंदोलन ही आखिरी रास्ता होगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल, भूरे सिंह, जन्म सिंह, शाकिर, प्रदीप, राजवीर सिंह, लाखन सिंह, राजेन्द्र सिंह, नन्हे सिंह, प्रदीप कुमार, उधम सिंह, सोमवली, समरपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संगठन ने बार एशोसिएशन द्वारा समर्थन दिए जाने पर अधिवक्ताओं का भी आभार जताया

## हैण्डबाल प्रतियोगिता में एएसएम खाता चैम्पियन



## मंडल स्तरीय टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में एएसएम बाल विद्या मन्दिर इंटर कालेज खाता चैम्पियन बना। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता अंडर-19 व 17 के लिए सात-सात खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।

आठ अगस्त को मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें एएसएम बाल विद्या मन्दिर इंटर कालेज खाता चैम्पियन रहा। प्रबंधक विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता जो कि 12 अगस्त को रामपुर में होनी है उसके लिए अंडर-19 में पारस दीप, अनिकेत, दीपांकर, वैभव, लवी चंदेल, विदिश व निर्भय का चयन किया गया। अंडर-17 में अर्श, कोशल चौधरी, निशांत, मोहम्मद उजैर, मोहम्मद अर्शं, मुजस्सिम, निर्भय चौधरी का चयन हुआ है। इस मोके पर कोच जितेन्द्र कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

# मृत खाते का बहाना बना कैश जमा करने से इंकार

## बैंक में किसान नेता का अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** किसानों के हक की लड़ाई लड़ने वाले प्रदेश स्तरीय नेता के साथ बैंक में हुई कथित अभद्रता ने पूरे इलाके का माहौल गरमा दिया है। भारत भूषण सैनी का आरोप है कि उन्होंने पहले अपने खाते में दो लाख रुपये जमा कर दिए, लेकिन लंच टाइम होने से बाकी दो खातों में रकम जमा नहीं हो पाई। लंच के बाद जब वे कैशियर के पास पहुंचे, तो विनीत त्यागी ने रकम लेने से इनकार कर दिया और दोनों खातों को मृत बता दिया। सैनी का आरोप है कि शाखा के फील्ड ऑफिसर ने तुरंत खाते सक्रिय कर दिए, फिर भी कैशियर ने फील्ड ऑफिसर के निर्देशों को धता बताते हुए रकम जमा नहीं की और अभद्रता पर उतर आया। प्रदेश महासचिव का कहना है कि यह सिर्फ एक ग्राहक नहीं, बल्कि किसान समाज का अपमान है। अगर मेरी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ, तो मुरादाबाद और क्षेत्रीय कार्यालय पर किसान यूनियन का धरना तय है। कार्यवाही की मांग करते हुए सैनी ने चेताया। किसान यूनियन कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब मामला सिर्फ एक बैंक कर्मी का नहीं, बल्कि किसानों की इज्जत का है। और इज्जत पर चोट की कीमत आंदोलन से ही चुकाई जाएगी। इस संबंध में संबंधित बैंक कर्मी का पक्ष मिलने पर उसको भी प्रकाशित किया जाएगा।

## जाम के कारण स्कूली बच्चे व लोग रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रक्षाबंधन से लौटने वालों की भीड़ और बिजनौर बैराज पर यातायात बंद होने के कारण गजरौला से होकर यातायात निकाले जाने के कारण चौपला पर सोमवार की सुबह यातायात का दबाब बढ़ गया। इस कारण स्कूल जा रहे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। बस चालकों ने दूसरी साइड से स्कूली वाहनों को निकालकर बच्चों को स्कूल पहुंचाया। बता दें कि रक्षाबंधन से एक दिन पहले से ही जाम के हालातों से चौपला चौकी क्षेत्र जूझ रहा है। रविवार को भी जाम के हालात बने रहे तो वहीं सोमवार की सुबह को भी जाम रहा। जाम के चलते स्कूली वाहनों समेत अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूल वाहनों के चालकों ने तो दूसरी साइड में करके अपने वाहन निकाले, बच्चों के साथ साथ अन्य लोग भी जाम के कारण परेशान रहे। पुलिस ने हालांकि जाम खुलवाने के लिये काफी मशक्कत की, मगर वाहनों का दबाब इतना था कि जाम खुलने में काफी समय लग गया।



## छात्राओं में जगाई देशभक्ति की भावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** स्वतंत्रता के 79वें अमृत महोत्सव के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत हाशमी गर्ल्स पी. जी. महाविद्यालय में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने हेतु एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रप्रेम, एकता और संविधान के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना था। प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसूम ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहा. सिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल उत्सव और आनंद का ही नहीं, बल्कि उन अमर शहीदों को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इसके उपरांत शिक्षकों ने भारतीय संविधान, उसके मूल्यों, मूल अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की। भाषण प्रतियोगिता में 'भारत की एकता और अखंडता' विषय पर छात्राओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नाकामियों को छिपाने के लिए भाजपा ने बुलाया एक दिन में 24 घंटे का सत्र: शिवपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने सोमवार को कहा कि नौ साल की नाकामियों को छिपाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के चार दिन के मानसूत्र सत्र के दौरान एक दिन 24 घंटे सदन चलाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने पार्टी अध्यक्ष एवं सांसद भतीजे अखिलेश यादव की नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग जाते समय पुलिस बैरीकेड्गि फांदने के वीडियो को भी साझा करते हुए एक्स पर लिखा कि संघर्ष की पहचान-रुकना नहीं, टकराना है। जब हक़ की आवाज़ रोकने को बैरिकेड खड़े हों, तो समाजवादी पीछे नहीं हटते। बैरिकेड तोड़ते हैं, कूदते हैं, ललकारते हैं। आज अखिलेश यादव जी की छलांग सिर्फ़ लोहे पर नहीं थी, ये छलांग थी लोकतंत्र बचाने की कसम पर। उत्तर प्रदेश विधानसभा के सोमवार को शुरु हुए मानसून सत्र



की कार्यवाही के शुरु होने से ठीक पहले शिवपाल ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार अपनी नौ साल की नाकामियों को छुपाने के लिए चार दिन में ही एक दिन चौबिस घंटे का विधान सभा सत्र चलाना चाह रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है और अपनी नाकामियों, विफलता और विकास के झूठे एजेण्डों को छुपाने के लिए चार दिन का विधान सभा सत्र लेकर आयी है। इस सत्र के चार दिन चलने से भी प्रदेश की स्थिति व विकास में कोई सुधार नहीं आयेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई की उचित व्यवस्था भाजपा सरकार दे नही पाई, बाढ़ को पूरे प्रदेश में रोक नहीं पाई और इनके मंत्री कहते है कि प्रकृति से कैसे लड़ा जाये कम से कम बाढ़ से निपटने के लिए व्यवस्था तो की जा सकती है। लोक निर्माण विभाग की स्थिति आप लोगों ने देख ही ली दो दिन की बरसात में लखनऊ की सड़कों का बुरा हाल कर दिया है, ऐसा लगता है कि धूल भरी आँधी चल रही है। लखनऊ में यह स्थिति है तो पूरे प्रदेश का क्या हाल होगा। भाजपा सरकार राजस्व नही बढ़ा पा रही, भ्रष्टाचार बढ रहा है, महिला सुरक्षा का बुरा हाल है, स्वास्थ व्यवस्था चौपट है, मधुशालाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है पाठशालाओं में कटौती हो रही है। बिजली न होने के कारण पूरा प्रदेश त्राहीमाम त्राहीमाम कर रहा है, उक्त स्थितियों में सुधार तभी हो पायेगा।

## प्रयागराज में युवती ने फांसी लगाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के धूमनगंज इलाके में एक युवती ने रविवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि झलवा क्षेत्र निवासी राकेश की 18 वर्षीय बेटी हिना दो बहन व दो भाई में दूसरे नंबर पर थी। रविवार रात वह कमरे में गई तो बाहर नहीं निकली। काफी देर कमरे से न निकलने पर घरवालों को शक हुआ। तो दरवाजा खोलने की कोशिश की तो वह अंदर से बंद था।खिड्की से देखने पर साफ हुआ कि वह फंदे से लटकी हुई है। धूमनगंज पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने खिड़की में लगे शीशे को तोड़ा तो सामने हिना का शव पंखे से साड़ी के सहारे लटकता हुआ मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार पारिवारिक कलह की वजह से हिना ने सुसाइड किया है। फोरेंसिक टीम भी जांच कर रही है घर वालो का बयान दर्ज किया गया है।

# दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना से 30 लाख से अधिक दिव्यांग लाभान्वित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 30 लाख 86 हजार 102 दिव्यांगजनों को पिछले तीन वर्षों में प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन दी गई। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 11 लाख 32 हजार 240 दिव्यांगों को यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।

दिव्यांग सशक्तीकरण और कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के उत्थान के लिए योगी सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार की पारदर्शिता और समयबद्धता के चलते कुष्ठावस्था पेंशन योजना और दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत लाखों जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जो राज्य की सामाजिक कल्याण नीतियों की मिसाल बन रही है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए व्यक्तियों के लिए संचालित कुष्ठावस्था पेंशन योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को प्रतिमाह तीन हजार रुपये दिए जा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में 34 हजार 994 कुष्ठरोगियों को इस योजना का लाभ मिला, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 12 हजार 692 लाभार्थियों को आधार-आधारित प्रणाली से भुगतान किया गया। इसी क्रम में, दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के तहत 30 लाख 86 हजार 102 दिव्यांगजनों को पिछले तीन वर्षों में प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन दी गई। इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 11 लाख 32 हजार 240 दिव्यांगों को यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। आधार-आधारित भुगतान प्रणाली ने इन योजनाओं को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया है, जिससे धन के दुरुपयोग की संभावना खत्म हुई है।

यह कदम न केवल कुष्ठरोगियों और दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर कर रहा है, बल्कि समाज में भेदभाव को कम करने में भी सहायक है। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांग सशक्तीकरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि दिव्यांगों और कुष्ठरोगियों के स्वावलंबन और सम्मान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्राथमिकताओं में है। योगी सरकार का लक्ष्य इन समुदायों को मुख्यधारा में लाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है।

## बीएचयू में होगी कार्यकारिणी परिषद की बैठक

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में चार साल से अधिक समय बाद सोमवार शाम को कार्यकारिणी परिषद (ईसी) की बैठक कुल. पति आवास पर आयोजित होगी। इस दौरान कुलपति का आठ सदस्यों के साथ परिचय होगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के काशी क्षेत्र अध्यक्ष व शिक्षाविद् दिलीप पटेल ने बताया कि बैठक का एजेंडा अभी तय नहीं है, लेकिन विश्वविद्यालय में छात्र हितों को बेहतर बनाने पर चर्चा होगी। पिछले माह 24 जुलाई को शिक्षा मंत्रालय ने बीएचयू की विजिटर और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नामित आठ सदस्यों की सूची रजिस्ट्रार को भेजी थी।

बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ- महेंद्र नाथ पांडेय, भाजपा के काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो- योगेश सिंह, बीएचयू के समाजशास्त्र विभाग के प्रो- ओम प्रकाश भारती, प्रो- श्वेता प्रसाद (समाजशास्त्र विभाग, बीएचयू), सेवानिवृत्त प्रो- बेचन लाल (जंतु विज्ञान विभाग, बीएचयू) और सेवानिवृत्त प्रो- यूपी शाही (रेडियोथेरेपी एवं विकिरण चिकित्सा विभाग, बीएचयू) शामिल हो सकते हैं।

# 2024 में मोदी की जीत के लिए वोट चोरी के जरिये की गई हेराफेरी: अजय

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वाराणसी में 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत सुनिश्चित करने के लिए वोट चोरी के ज़रिए हेराफेरी की।

श्री राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रविवार देर शाम को दावा किया कि चुनाव में फ़र्ज़ी मतदान, मतदाता सूची में छेड़छाड़ और भाजपा के पक्ष में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके हेराफेरी की गई। उन्होंने दावा किया कि मोदी जी काशी से नहीं जीते, उनकी जीत वोट चोरी और बेईमानी से सुनिश्चित की गई थी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पेश किए गए सबूत साबित करते हैं कि सरकार धांधली के



ज़रिए बनाई गई थी। मतदाता सूची में फ़र्ज़ी नाम जोड़े गए और वोट डालने के लिए बाहरी लोगों को लाया गया। श्री राय ने कहा कि इस गड़बड़ी ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित की, और निष्पक्ष चुनाव में, भाजपा को वाराणसी में स्थानीय निकाय चुनाव जीतने में संघर्ष करना पड़ेगा। चुनाव आयोग ने इन उल्लंघनों को नज़रअंदाज़ किया, विपक्ष के साथ डिजिटल मतदाता सूची साझा करने से इनकार कर दिया, और अब विपक्षी दलों से सबूत पेश करने वाले हलफ़नामे मांग रहा है। उन्होंने कहा कि एक दिन सच्चाई सामने आएगी, और इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा । उन्होंने राहुल गांधी के इस बयान को दोहराते हुए कहा कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को डिजिटल मतदाता सूची क्यों नहीं दी जा रही है। सीसीटीवी और वीडियो रिकॉर्ड क्यों मिटाए जा रहे हैं। मतदाता सूची में हेरफेर क्यों किया गया और फ़र्ज़ी मतदान की अनुमति क्यों दी गई। चुनाव को 'संविधान और लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी' बताते हुए, राय ने कहा कि भाजपा ने दावा किया था कि वाराणसी में उसकी जीत का अंतर 10 लाख वोटों का होगा।

## एक नजर

### पीडीए पाठशाला को लेकर मचा घमासान भाजपा-सपा के बीच वार पलटवार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोमवार से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। भाजपा एमएलसी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से पीडीए पाठशाला को लेकर माफी मांगने की मांग की है। दरअसल विधानसभा के बाहर बीजेपी के मुख्यालय के सामने भाजपा के एमएलसी सुभाष यदुवंश की तरफ़ से एक पोस्टर लगाया गया है जिसमे कहा गया है कि सपा की पीडीए पाठशाला का काला सच। प्रदेश का कौन अभिभावक अपने बच्चे को पढ़ाना चाहता है ए फॉर अखिलेश और डी फॉर डि्पल। भाजपा के इस पोस्टर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी सुनील यादव साजन ने हमला बोलते हुए कहा है कि अखिलेश यादव की पीडीए पाठशाला की सोच की वजह से ही योगी सरकार को स्कूलों के मर्जर का फैसला वापस लेना पड़ा। कोर्ट ने भी इनको फटकार लगाई थी। सपा नेता ने कहा की योगी सरकार जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के हथकंडों का इस्तेमाल कर रही है। जनता इनकी मंशा को समझ रही है। गौरतलब है कि सपा बीते कुछ दिनों से जिलों में पीडीए पाठशाला चला रही है। लखनऊ में सपा नेता के द्वारा पीडीए पाठशाला चलाए जाने पर उन पर एफआईआर हो चुकी है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर कम छात्र संख्या का हवाला देकर विलय किए गए प्राथमिक विद्यालय उमरभारी में पीडीए पाठशाला चलाए जाने पर सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### विधान परिषद में सु भ्रांशु शुक्ला को दी गई बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने अंतरिक्ष यात्री सु भ्रांशु शुक्ला की सकुशल वापसी और भारत का मान बढ़ाने के लिए बधाई प्रेषित की है। विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने नियम 59 के तहत यह मामला उठाया जिस पर सभी सदस्यों ने एक स्वर से सु भ्रांशु को बधाई दी। सु भ्रांशु अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले आईएसआरओ अंतरिक्ष यात्री बने है। सदन में बधाई का प्रस्ताव पाठक ने दिया था। उच्च सदन की कार्यवाही के दौरान पाठक ने नियम 115 में आजमगढ़ मेडिकल कालेज में निकाले गए संविदा कर्मियों कालेज के 110 आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाये जाने का विषय सदन के समक्ष रखा। साथ ही उन कर्मचारियों के पुनः समायोजित करने की मांग रखी। जिस पर सदन के द्वारा उसे सरकार को आवश्यक कार्यवाई के लिए भेज दिया गया है। सदन में नियम 110 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तो के बढ़ते आतंक को रोकने के लिए लिए सदन पूरे प्रदेश भर में प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की गई। जिससे प्रदेश को रेबीज़ मुक्त किया जा सके। वही नियम-110 के अन्तर्गत प्रदेश में बेसिक और माध्यमिक स्कूल के जर्जर और असुरक्षित भवनों ध्वस्तीकरण करने और नया स्वरूप देने की प्रस्ताव दिया गया। इसके अलावा नियम-111 के अन्तर्गत सरकारी कामकाज में पारदर्शिता के लिए ई-ऑफिस की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अधिकारियों के उदासीनता के कारण ई-ऑफिस व्यवस्था के बेपटरी होने ई-ऑफिस की कार्य क्षमता में सुधार के लिए सदन से मांग की गई।

### अयोध्या में अग्निवीर की भर्ती रैली में अंबेडकरनगर और महाराजगंज के अभ्यर्थियों का टेस्ट

**लखनऊ/अयोध्या।** सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) अमेठी द्वारा अयोध्या के डोगरा रेजिमेंटल ग्राउंड में 11 अगस्त को आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर और महाराजगंज जिलों के अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि इस रैली में कुल 1229 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 1075 अभ्यर्थी रैली में शामिल हुए। 12 अगस्त को उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर और कुशीनगर जिलों के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए रैली आयोजित की जाएगी। इस दौरान अभ्यर्थियों को शारीरिक फिटनेस परीक्षण से गुजरना पड़ा, जिसमें 1.6 किलोमीटर दौड़, जिग-जैग संत. ुलन, डिच जंप और चिन-अप्स शामिल थे, जिसके बाद शारीरिक माप और दस्तावेज सत्यापन किया गया। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई कि वे सतर्क रहें और दलालों के झांसे में न आयें। सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करना है।

# झांसी में ऑनर किलिंग: भाई ने दिया बहन और उसके प्रेमी की हत्या को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है जिसमें बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज भाई ने पहले प्रेमी को और उसके बाद बहन की हत्या को अंजाम दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजी टीएस मूर्ति ने यहां पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को पत्रकारों का बताया कि लहरचूरा थानाक्षेत्र में 19 वर्षीय युवक का शव शुक्रवार को बरामद किया गया था और इसके बाद रविवार को एक युवती का शव थाना गरौठा से बरामद किया गया था। मृतक युवक की पहचान विशाल अहिरवार पुत्र हल्केराम निवासी गांव पसरई थाना टहरौली जनपद झांसी के रूप में हुई थी।

मृतक के पिता ने थाने में दी तहरीर में प्रकाश प्रजापति और अरविंद उर्फ गुल्ले अहिरवार के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज करायी थी जिसमें पुरानी रंजिश के चलते उसके बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। दूसरी ओर 18 वर्षीय मृतक युवती के पिता द्वारा अपने ही बेटे अरविंद अहिरवार के खिलाफ बेटी की हत्या किए जाने को लेकर तहरीर गरौठा थाने में दी गई थी। मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पाया गया कि विशाल का अरविंद की बहन के साथ प्रेमप्रसंग था जो अरविंद को नागवार था। विशाल के खिलाफ गरौठा क्षेत्र की एक युवती को भगाने के प्रयास का मुकदमा पहले भी थाने में दर्ज कराया गया था,उसी युवती का शव रविवार को बरामद किया गया। इस मामले में अंतिम रिपोर्ट लगाते हुए विवेचना समाप्त कर दी गई थी। श्री मूर्ति ने बताया कि हालिया मिले दो शवों के मामले की जांच में पता चला कि बहन और विशाल के प्रेमप्रसंग से नाराज अरविंद सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर विशाल को अपने मित्र प्रकाश प्रजापति के साथ मिलकर घर से ले गया था और बाद में थाना लहरचूरा में नदी किनारे विशाल को मारकर उसका शव फेंक दिया। अगले दिन अरविंद की बहन को जब विशाल की हत्या किए जाने की बात पता चली तो उसने सबको यह हकीकत बताने की धमकी दी। इसके बाद अरविंद ने बहन को समझाया और सूनसान जगह पर ले जाकर उसकी भी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्वाट, सर्विलांस और पुलिस की टीमें गठित की गईं और दोनों हत्यारो. पियों अरविंद अहिरवार उर्फ गुल्ले और प्रकाश प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बहराइच में सड़क हादसे में पांच मरे

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती जिले के हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से जुड़ी मिक्सर मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार को विजय वर्मा (30) अपनी पत्नी सुनीता (28), एक साल के बेटे (अज्ञात), बहन मंगलावती (40), भांजी नीतू (19) और ज्ञानवती (30) के साथ एक ही बाइक पर शंकरपुर से नवाबगंज की ओर जा रहे थे कि रहमतू गांव के पास उनकी बाइक एक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए और ट्रैक्टर ट्राली उन्हें कुचलते हुए बेकाबू होकर पलट गई, जिससे ट्रैक्टर का ड्राइवर भी घायल हो गया। इस हादसे में बहराइच जिले के मंगल पुरवा गांव निवासी विजय वर्मा, उनके एक साल के बेटे, बहन मंगलावती, भांजी नीतू और ज्ञानवती की मौत हो गई जबकि पत्नी सुनीता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि शंकरपुर से नवाबगंज जा रहे बाइक सवार पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई है।

## बहराइच में अराजक तत्वों ने पूजा स्थल का चबूतरा तोड़ा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के महसी तहसील स्थित एक गांव में अराजक तत्वों ने देवस्थान पर बने चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर दिया और परिसर में लगे कई पेड़ों को काट डाला। सोमवार सुबह जब ग्रामीण पूजा करने पहुंचे तो तोड़फोड़ देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलने पर महसी से भाजपा के विधायक सुरेश्वर सिंह और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना में शामिल लोगों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, महसी के पडोहिया ग्राम में स्थित गांवट माता स्थान पर बने चबूतरे को देर रात असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार सुबह जब इसकी जानक. ारी ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर इकठा हो गए। धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ की खबर सुनकर स्थानीय विधायक सुरेश्वर सिंह भी मौके पर पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली।

विधायक ने घटना में शामिल लोगों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# श्री काशी विश्वनाथ धम पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम को सोमवार से पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त परिसर घोषित किया गया है।

इस अवसर पर मंदिर न्यास के अधिकारियों, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, विशेष कार्याधिकारी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में धाम के समीप स्थित गेट नंबर 4 से ढुंढिराज गणेश एवं माता विशालाक्षी मंदिर क्षेत्र के सभी पुष्प-माला विक्रेताओं को 'प्लास्टिक मुक्त धाम' अभियान के संबंध में पुनः जागरूक किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम परिसर में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक के साथ प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध है। प्लास्टिक की टोकरी, लोटा आदि सामग्री के साथ भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

मंदिर न्यास पिछले एक माह से निरंतर अभियान चलाकर प्लास्टिक मुक्ति के प्रयास कर रहा है। सात अगस्त को 'प्लास्टिक मुक्त धाम' पहल के अंतर्गत मंदिर न्यास, स्थानीय विधायक श्री डॉ नीलकंठ तिवारी, क्षेत्रीय पार्षद सुश्री कनकलता तिवारी सहित अन्य सभासदों ने मंदिर परिसर के दुकानदारों को पारंपरिक एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित किया था। इस अवसर पर बांस की टोकरियां और स्टील के लोटे वितरित किए गए थे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास धाम परिसर को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। न्यास ने सभी श्रद्धालुओं, विक्रेताओं और काशीवासियों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे धाम को स्वच्छ, सुरक्षित और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग प्रदान करें।

## मैनपुरी में महिला का शव मिलने से सनसनी

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सुबह के समय टहलने निकले लोगों ने महिला के शव को देखा और पुलिस को सूचन दी। घटना थाना कोतवाली के घ्रपरी बंबा क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 25-35 वर्ष के करीब है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरुण कुमार सिंह ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर जल्द से जल्द पूरी की जाएगी और आरोपियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

# अपने मायके में ही बेगारी हो रही है मिर्जापुर की कजरी

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर की कजरी अपने मायके में ही बेगानी होती जा रही है। सावन बीत गया मगर गांवों में अजब सन्नाटा है। सावन के झूले नही पड़े हैं।

सोमवार को जगरन कजरी का मुख्य पर्व है, पर कही कोई सनसनाहट नही है। वर्षा गीत के रूप में देश में जाने जाने वाली मिर्जापुरी कजरी वर्षा की प्रथम फुहार के साथ शुरू हो जाती है। इसी के साथ ही गांवों के चौपालों पर परम्परिक कजरी का आनंद दायक खेल शुरू हो जाता है। कजरी को भी मानसून का बेसब्री इंतजार रहता है।इस बार मानसून जम कर बरसे है। किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता स्पष्ट झलकती है मगर लोक संस्कृति के प्रति विमोह समझ के परे है। शताब्दियों पुरानी लड़कियों को मायके बुलाने की परम्परा को झटका लगा है। झूलों की कजरी अतित का विषय बन रही है। चौपालों पर ढुनमुनिया कजरी नृत्य देखने को लोग तरस जा रहे हैं। दरअसल, वर्षा, कजरी और स्थानीय सावनी मेले एक दूसरे के पूरक हैं। वर्षा में कजरी बनती है और इन मेलों में उसे स्वर मिलता है। जिले में सावन भादो मास में कही न कही मेले का आयोजन होता है। कजरी सावन भादो मास में उत्सव का अवसर होता है । जानक. ारों के अनुसार जिले में सैकड़ों छोटे बड़े मेले कहीं न कहीं लगते हैं। मेलों में भीड़ कम हुई है। कजरी गायन न पुरूष टोली द्वारा न महिलाओं का सामूहिक कजरी दिखा। बाढ़ ने जन जीवन को प्रभावित कर रखा है। अखाड़ों की निशकृयता समझ के परे है। इस लोक संस्कृति के गिरावट के कई कारण गिनाए जा रहे हैं। अधिकतर लोग आधुनिकता एवं मीडिया को दोष देते हैं। कुछ लोग इस लोक परम्परा को नून,तेल लकड़ी का फेर बताते हैं। कजरी के जानकार साहित्यकार बृजदेव पांडे कहते हैं कि मां विंध्यवासिनी देवी के जन्मदिन के उत्सव के लिए शुरू हुई कजरी ने लम्बा आकाश तय किया।

## संगम तट पर लेटे हनुमानजी मंदिर के पट खुले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में आई बाढ़ से जलमग्न हुआ लेटे हनुमान जी का मंदिर सोमवार को पूजा अर्चना के बाद विधिविधान से खोल दिया गया। संगम किनारे लेटे हनुमानजी को गंगा मैया और यमुना मैया ने तीसरी बार स्नान कराया था और 13 दिन तक हनुमान मंदिर पूरी तरह से जलमग्न हो गया था लेकिन जब गांगा का पानी कम हुआ और मंदिर से पानी हट गया तो आज फिर से विधि विधान से हनुमानजी की पूजा अर्चना करके उनकी आरती की गई और मंदिर को भक्तो के लिए खोल दिया गया है।

प्रयागराज में बाढ़ से 13 दिन तक पूरा मंदिर डूबा हुआ था न पूजा हो पा रही थी न आरती हो पा रही थी लेकिन आज 14वे दिन मंदिर को खोल दिया गया है। मंदिर में पहले साफ सफाई किया गया।

उसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी बलबीर गिरि महाराज ने शहर के कोतवाल कहे जाने वाले लेटे हनुमानजी को दूध जल से अभिषेक किया गया। पूजा अर्चना करके भक्तो के लिए मंदिर खोल दिया गया है। मंदिर खुलने से भक्तो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# नशामुक्त भारत के लिए 4500 किमी की साइकिल यात्रा पंजाब से काशी पहुंची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** युवा वर्ग को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता फैलाने के लिए पंजाब के लुधियाना से चार माह पूर्व शुरू हुई साइकिल यात्रा सोमवार को वाराणसी के कैथी स्थित सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के परिसर में पहुंची।

ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पांडेय ने बताया कि पंजाब के सभी जिलों, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और ग्वालियर होते हुए वाराणसी तक की इस यात्रा में युवा अब तक लगभग 4500 किलोमीटर साइकिल चला चुके हैं। आशा ट्रस्ट परिसर में पुस्तकालय की छात्राओं ने युवा यात्री दल का अभिनंदन किया। श्री पांडेय ने कहा कि मोबाइल क्रांति के युग में कई युवा दिग भ्रमित होकर नशे की चपेट में आ रहे हैं, जो उनके साथ-साथ समाज और देश के लिए खतरनाक है। ऐसे में इस प्रकार की जागरूकता यात्राओं का विशेष महत्व है। यात्रा के संयोजक नितीश चोपड़ा ने बताया कि चारों साथियों ने पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी योग्यता के अनुसार निजी क्षेत्रों में काम किया, लेकिन पंजाब में युवाओं में बढ़ती नशे की लत और 'उड़ता पंजाब' जैसी छवि ने उन्हें उद्वेलित किया। इसके बाद वे इस देशव्यापी जागरूकता यात्रा पर निकल पड़े।

यात्रा दल में बिट्टू सिंह, हरपाल सिंह और संदीप सिंह भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यह यात्रा पूरी तरह जन सहयोग से हो रही है और लोगों का स्नेह मिल रहा है। वे पूरे देश में इस अलख को जगाने की कोशिश में हैं, जिसमें अगले एक वर्ष से अधिक का समय लग सकता है।

# तटबंध की पीचिंग का कार्य शुरू

## तटबंध टूटने से बिगड़ गए थे हालात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी के तटबंध को सिंचाई विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद ठीक करा दिया है। तटबंध की और मजबूती के लिए तटबंध की पीचिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब तक तटबंध पर 400 मिट्टी के भरे कट्टे लग चुके हैं।

गौरतलब है कि नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन नदी पुल के निकट स्थित तटबंध चार दिन पूर्व शाम के समय पेड़ गिर जाने से टूट गया था। तटबंध टूटने पर आसपास की कॉलोनी व मोहल्ले में पानी घुस गया था। प्रशासन ने गांगन नदी के किनारे बसे गांव की ओर जलस्तर बढ़ने पर अलर्ट जारी कर दिया था। नहटौर धामपुर मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया गया था। सिंचाई विभाग ने तटबंध को सही कराने के लिए कार्य शुरू कर दिया था। इसी दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर, एडीएम प्रशासन विनय कुमार, उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, सिंचाई विभाग के एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी ने तटबंध का दौरा करके पालिका व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को तटबंध ठीक करने के दिशा निर्देश दिए थे। चार दिन से पालिका की टीम व सिंचाई विभाग की टीम ने युद्ध स्तर पर तटबंध को सही कराने के लिए कार्य किया।

शनिवार को तटबंध का कार्यपूर्ण होने पर सिंचाई विभाग ने वर्षा के चलते तटबंध को अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए तटबंध पर पीचिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी ने बताया कि तटबंध को सही करा दिया गया है। तटबंध की अधिक मजबूती के लिए मिट्टी के भरे कट्टों से पीचिंग कराई जा रही है। अब तक 400 कट्टे के माध्यम से पीचिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। पीचिंग होने से तटबंध पर अधिक मजबूती होगी।

# गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर सफाई अभियान शुरू

## प्रभावित गांवों में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर कई मोहल्लो में गंदगी से होने वाली बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए पालिका प्रशासन ने उन मोहल्लों में युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर एंटी लार्वा का छिड़काव प्रारंभ कर दिया है।

एक सप्ताह से लगातार हो रही वर्षा के चलते गांगन नदी का जलस्तर बढ़ गया था। जलस्तर बढ़ने पर गंगान नदी के निकट नहटौर नूरपुर बाईपास सड़क के माध्यम से मौहल्ला छापेग्रांन, नेजो सराय, नौधा, गांगन नदी के आसपास की कॉलोनी में जल भराव हो गया था। गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर उक्त मोहल्ले में पानी कम होने पर नालियों व सड़कों पर गंदगी का साम्राज्य हो गया। गंदगी को दृष्टिगत रखते हुए मोहल्ले में फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए नगर पालिका प्रशासन नहटौर ने कार्य योजना बनाकर मोहल्लों में सफाई कर्मियों की टीम भेज कर सफाई अभियान प्रारंभ कराया तथा एंटी लार्वा का छिड़काव भी प्रारंभ कराया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि जिन मोहल्ले में जल भराव से गंदगी हुई है। उन मोहल्लों की सफाई कराने हेतु तथा बीमारियों को रोकने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा नगर के सभी वार्डों में वर्षा ऋतु को देखते हुए बीमा. रियों को रोकने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। नागरिकों से बीमारियों को रोकने के लिए अपने मोहल्ले में जल भराव ना होने दे। जल भराव होने पर इसकी सूचना पालिका प्रशासन को दें ताकि समय से जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जा सके। इसके अलावा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि विकास खंड क्षेत्र में जिन गांवों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई है। बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए सीएचसी पर जिला मुख्यालय से संपूर्ण दवाइयां मंगवा ली गई है। ग्राम प्रधान द्वारा जल भराव की सूचना मिलने पर उन गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करके दवाइयां वितरित की जाएगी।

## एक नजर

### महात्मा टिकैत के संगठन का विस्तार



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के संगठन विस्तार को लेकर ग्राम कल्हेड़ी में चौधरी रामपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसील प्रभारी सुनील चौधरी की संस्तुति पर चौधरी अखिलेश निवासी ग्राम आलोपुर को ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद तथा शहजाद पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी ग्राम शाहजहांपुर रोशन उर्फ गढ़ीकपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष युवा मनोनीत किया गया। सभा की अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह ने की तथा संचालन जितेंद्र हुड्डा ने किया। जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत एक ईमानदार और सर्व समाज का संगठन है। हमारे संगठन में लीडर पैदा किए जाते हैं, डीलर नहीं। भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत से जुड़े और संगठन को मजबूत करें। जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा ने कहा कि यह घोर कलयुग का समय है। एक छोटे किसान को अपना आत्मसम्मान बचाना मुश्किल हो रहा है। वह जैसे-तैसे अपनी जीविका चला रहा है। हालात इतने खराब है कि स्वास्थ्य विभाग, तहसील, थाना तथा बिजली विभाग में छोटे से छोटे काम के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। इस अवसर पर चौधरी जगबीर सिंह, अतुल चौधरी, कुलदीप मोर, जकी मलिक, शहजाद मलिक, कपिल चौधरी, गजेंद्र चौधरी, बहार आलम, आदेश शर्मा, सोहेल अंसारी, आसिफ, शादाब, सुनील चौधरी, सजाउद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

### एटीएम का सुरक्षाकर्मी लापरवाह



**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन पर स्थित एसबीआई के एटीएम पर तैनात सुरक्षा कर्मी ड्यूटी के समय स्टेशन परिसर में बने शुलभ शौचालय पर अक्सर बैठे हुए दिखाई देता है। वायरल वीडियो में एसबीआई का सिक्योरिटी गार्ड शौचालय पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन एक बड़ा जंक्शन है। जहां से हजारों की तादाद में लोग यात्रा करते हैं और स्टेशन पर बने एटीएम का लाभ अर्जित करते हैं। साथ ही साथ स्थानीय लोग भी एटीएम का लाभ उठाते हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से तैनात सिक्योरिटी गार्ड अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर रहा है। आएदिन एटीएम पर आए व्यक्तियों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के बारे में जीआरपी एवं पास में ही बनी बुकिंग काउंटर पर जानकारी प्राप्त करने पहुंचते हैं। बैंक अधिकारियों द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जीआरपी द्वारा भी बैंक अधिकारियों को सूचित किया गया था कि सुरक्षा की दृष्टि से एटीएम पर गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लेकिन बैंक अधिकारियों द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ग्राम प्रधान के वालिद का इंतकाल



**किरतपुर।** किरतपुर के गांव चाण्डक तुर्क (चिड़ियापुर) के प्रधान एवं किसान नेता मौहम्मद अजमईन के वालिद मोहतरम जनाब गुलाम अहमद का इंतकाल हो गया है। वह काफी अर्से से बीमार चल रहे थे। उनके इंतकाल पर क्षेत्र के हजारों लोगों ने दिली रंजोगम का इजहार किया है। गांव चाण्डक तुर्क के मौजूदा ग्राम प्रधान मौ. अजमईन के वालिद गुलाम अहमद काफी अर्से से बीमार चल रहे थे। वह मिलनसार व्यक्ति थे, नेक शख्सियत के मालिक थे। शनिवार की रात्रि ने उन्होंने आखिरी सांस ली और दुनिया से फानी हो गये। उनकी जनाजे की नमाज बाद नमाज ए जौहर मदरसे में अदा की गई। जनाजे में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शहर किरतपुर और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से शोक संवेदना व्यक्त की। किसान नेता चौधरी दिगम्बर सिंह, अरविन्द राजपूत, यशवंत सिंह, मौ. रजी, रालोद नेता काजी तारिक अली, चौधरी शूऐब, गुलसिताब, वाजिद प्रधान, किसान नेता आदिल जैदी, ग्राम प्रधान मौ. आबिद, प्रधान शराफत, प्रधान अकील, तौफीक अहमद प्रधान, शेख मौहम्मद जाहिद, नवाब मंसूरी, मौ. आजाद, नौशाद अहमद, नवाब खां, फहीम सराय इम्मा एवं युवा पत्रकार मुसैब सिद्दीकी, मौ. परवेज एवं वरिष्ठ पत्रकार मौ. याकूब आदि रहे।

### बी.काम. प्रथम वर्ष में सलोनी प्रथम



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बी.कॉम. प्रथम वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा सलोनी कश्यप ने 64.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, मौहम्मद अमन ने 60.07 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं खुशी ने 57.20 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बसेड़ा कुंवर में स्वास्थ्य शिविर



**धामपुर।** ग्राम बसेड़ा कुंवर में स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को नि:शुल्क जांच शिविर लगाया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। टीम ने 38 लोगों में ब्लड प्रेशर, 22 में शुगर और 20 में बुखार की पुष्टि की। शिविर शिवा मंदिर परिसर में पूर्व ग्राम प्रधान विपिन कुमार के सहयोग से आयोजित हुआ। उद्घाटन पूर्व ग्राम प्रधान संध्या देवी और डॉ. सुशील कुमार ने किया। धामपुर पीएचसी से आई टीम में डॉ. सुशील कुमार, लैब टेक्नीशियन बृजेश चौहान, सुपरवाइजर राहुल कुमार, स्टाफ नर्स निधि रानी और सीएचओ जयश्री शामिल रहे। टीम ने लोगों को साफ-सफाई, पानी जमा न होने देने और पीने के पानी को उबाल कर पीने की सलाह दी। शिविर के संचालन में एकांत कुमार, दीपू कुमार, अरविंद कुमार, ओम नारायण सिंह, सत्येंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, महिपाल सिंह, सुरेश कुमार, मान सिंह, महेश कुमार, हिरदेश कुमार और सुनील कुमार का योगदान रहा।

# आरएसएम कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' की गूंज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले आरएसएम कॉलेज में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि यह अभियान देशभक्ति को नई ऊंचाई देने का प्रयास है।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस.एल. पाल ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर हर नागरिक को तिरंगे के सम्मान में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगे से सजे घर देश की एकता और अखंडता का प्रतीक होंगे। इस मौके पर एनएसएस, रोवर-रेंजर, एनसीसी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रो. अमित कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भारती चौहान, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. देवेश पाठक और कॉलेज स्टाफ ने हिस्सा लिया।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण

## एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने दिए सफाई अभियान चलाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर के बाढ़ प्रभावित ग्रामों का एडीओ पंचायत अनिल कुमार व ग्राम पंचायत सचिव मोहित कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान हसनपुर पालकी, सद्दौबेर, जोतहिम्मा, नवादा केशी, लतीफपुर उर्फ सिपाहीवाला व बेरखेड़ा टांडा आदि गांवों का दौरा किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि ग्राम सद्दौबेर में खो नदी का जलस्तर घटने से जलभराव की समस्या नहीं है। ग्राम जोतहिम्मा के संपर्क मार्ग पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है। वहीं, अस्थायी गौ आश्रय स्थल में 239 गौवंश सुरक्षित व स्वस्थ पाए गए और उन्हें पर्याप्त चारा उपलब्ध है।

ग्राम सिपाहीवाला में भी खो नदी का जलस्तर घट रहा है। अधिकारियों ने ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों, को नदी किनारे या जलभराव वाले मार्गों पर न जाने की अपील की। इसके अलावा ग्राम प्रधान, पंचायत सहायकों व सफाई कर्मियों के साथ बैठक कर सभी पंचायतों में सफाई अभियान व कीटनाशक दवा छिड़काव करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर हल्का लेखपाल, कानूनगो, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार, मोहम्मद राशिद, महेंद्र सिंह, पंचायत सहायक व ग्रामीण मौजूद रहे

# फसलों की क्षति का आंकलन कार्य शुरू

## तीस प्रतिशत से अधिक नुकसान वाले किसानों को मिलेगा मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन नदी का जलस्तर कम होने पर बाढ़ग्रस्त इलाके में पहुंचकर राजस्व विभाग की टीम ने फसल क्षति को देखते हुए आंकलन का कार्य शुरू किया है। 30 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने वाले किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार एसडीएम धामपुर रितु रानी के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजकमल, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, चंद्रभान सिंह, विपिन कुमार आदि ने गांव सिजौली, मुनीमपुर, सहानपुर नवादा में बाढ़ से हुए फसल की क्षति आंकलन का कार्य शुरू किया। सोमवार को खेतों पर पहुंचकर आंकलन किया गया। नायब तहस. ीलदार राजकमल ने बताया कि 30 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने वाले किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए आंकलन के बाद रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएंगी।

बताया जाता है कि गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांगन नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ आ गई थी। धान, चारा के अलावा गन्ने की फसल में जलभराव होने पर फसल प्रभावित हुई है।

# विधायक डॉ. नीरज बोरा आईवीएफ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा को उनके द्वारा संगठन के लिए किए गए अनेकों कार्य को देखते हुए उन्हें संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि डॉ. नीरज बोरा सामाजिक कार्यक्रमों में, देशभक्ति कार्यक्रमों में, धार्मिक कार्यक्रमों में और विकास के सभी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं और उन्होंने संगठन को पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापक रूप में मजबूत बनाने का कार्य किया है। डॉ. नीरज बोरा को संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना उन्हें उनकी मेहनत व उनकी सक्रियता का इनाम है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, महिला जिला अध्यक्ष रितु अग्रवाल, युवा जिला अध्यक्ष वासु अग्रवाल, रो. हित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, तनु गोयल, डॉ. वर्षा अग्रवाल, वैभव गर्ग एडवोकेट, मुकेश गोयल, विजय मोहन गुप्ता, अमित अग्रवाल, रजत अग्रवाल, आयुष बंसल, चिराग अग्रवाल, हिमांशु तायल, पल्लव अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल एडवोकेट, आलोक अग्रवाल, डॉ. पवन अग्रवाल, अनमोल गुप्ता आदि रहे।

# राम जी की निकली सवारी, राम जी की लीला न्यारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

न्यू हिंदू कॉलोनी में सत्यम चौहान के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला न्यारी यह भजन सबको खूब पसंद आए। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सुभाष चौहान, शोभा चौहान, सत्यम चौहान, सिद्धार्थ चौहान, मासी, अगम सिंह, अभिनंदन चौहान, मनाली, अंजना, युक्ति, लव कुश आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी, प्रवेश मिश्रा, रणवीर सिंह आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।



## दिव्यांगजन प्रशिक्षण पाकर पाएं रोजगार

**बिजनौर।** 06 से 13 अगस्त 2025 को दिव्यांगजन रोजगार अभियान मनाये जाने के तहत 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिजनौर में रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद में ऐसे दिव्यांगजन जिनकी 14 से 35 वर्ष आयु हो और कौशल विकास मिशन या आईटीआई व अन्य प्रशिक्षण प्राप्त या अन्य कोई भी दिव्यांगजन रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है और रोजगार या स्व-रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# मदद को आगे आए विधायक अशोक राणा

## जलभराव से बेहाल परिवारों को विधायक पुत्र ने बांटी राहत सामग्री






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** लगातार बारिश और नदियों के उफान ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में तबाही मचा दी है। अनेक बस्तियों में जलभराव के कारण हालात बेहद खराब हो चुके हैं। घरों में पानी घुसने से गरीब परिवारों के पास खाने-पीने की वस्तुओं का संकट गहराने लगा है। कई लोग खुले आसमान के नीचे तंबुओं में दिन गुजारने को मजबूर हैं।

ऐसे कठिन समय में क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक राणा के निर्देश पर उनके पुत्र राणा प्रियंकर सिंह सोमवार को स्वयं विभिन्न जल प्रभावित इलाकों में पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों को राहत सामग्री के रूप में दाल, चावल, आटा, तेल, नमक और अन्य आवश्यक सामान अपने हाथों से वितरित किया।

राहत सामग्री पाकर कई पीड़ित परिवारों की आंखें भर आईं। महिलाओं ने विधायक परिवार का हाथ पकड़कर धन्यवाद दिया, वहीं बच्चों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई।

राणा प्रियंकर सिंह ने कहा कि यह संकट का समय है और ऐसे वक्त में जरूरतमंदों के साथ खड़े रहना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, मदद का सिलसिला जारी रहेगा। विधायक अशोक राणा ने बताया कि उन्होंने प्रशासन को जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई और प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

### रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने की जरूरतमंदों की मदद

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूनम सैनी के आवास पर वार्ड नंबर आठ में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर समाजसेवी रवि शंकर सैनी ने संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# 'है बड़ी मशहूर दुनिया में सखावत आपकी'...

- बहेड़ी में अकीदत के साथ मनाया गया उर्स-ए-सकलैनी व शराफती
- पीरो मुर्शिद गाजी मियां हुजूर के दीदार के लिए उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में तीन रोजा उर्स ए सकलैनी व शराफती धूमधाम के साथ मनाया गया। पीरो मुर्शिद अल्हाज गाजी मियां हुजूर के बहेड़ी पहुंचने पर उनका जोरदार इस्तकबाल किया गया। इस दौरान उनसे मुलाकात करने और दुआ कराने वाले मुरीदों और अकीदतमंदों का ताँता लग गया। सोमवार को आखिरी कुल की रस्म अदा की गई, जिसमें फातिहा ख्वानी के बाद अल्हाज गाजी मियां हुजूर ने कौम की तरक्की व मुल्क में अमन चौन कायम रहने की दुआ की।

यहां नगर के मोहल्ला शेखूपुर में तीन रोजा उर्स ए सकलैनी व शराफती के पहले दिन तरहई मुशायरा हुआ। मुशायरे में उलेमाओं ने 'है बड़ी मशहूर दुनिया में सखावत आपकी' मिसरे पर अपने अपने कलाम पेश किये। अगले दिन इतवार को पीरो मुर्शिद अल्हाज गाजी मियां हुजूर के बहेड़ी पहुँचने पर इस्तकबाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुरीद गाजी मियां की गाड़ी पर फूल बरसाते हुए चलते हुए उर्स ए सकलैनी व शराफती जिंदाबाद के नारे लगाते हुए चल रहे थे। नैनीताल रोड तौफीक सकलैनी की दुकान से शुरू हुआ इस्तकबाल जुलुस नैनीताल रोड, माथुर रोड तिकोनी दुकान, मोहल्ला गोदाम, ताज मस्जिद होता हुआ जलसाह गाह पर पहुंचकर समाप्त हो गया। इसके बाद गाजी मियां हुजूर सकलैनी ऐकेडमी यूनिट बहेड़ी के सदर आसिफ सकलैनी के मकान पर पहुंचे, जहां फातिहा ख्वानी की गई, फिर लोगों को लंगर खिलाया गया। कांग्रेसी नेता अयाज खान के निवास पर भी गाजी मियां हुजूर ने फातिहा दी, और फिर वहां लंगरे आम हुआ।

इशा की नमाज के बाद एक शानदार जलसा हुआ, जिसकी शुरुआत जनाव आमिल सकलैनी काकरालवी ने तिलावते कुरान के साथ जलसे का आगाज किया गया। इस दौरान जनाब मजहर अली, हसीब रौनक सकलैनी, आमिल सकलैनी ने सकलैन मियां हुजूर व शराफत मियां हुजूर की शान में बेहतरीन कलाम पेश किये। इसके बाद दरगाहे मनामियां के सज्जादानशीन डॉक्टर सय्यद शमीम. ुद्दीन मुनआमी मियां ने पीर-मुरीद के रिश्ते पर तकरीर पेश की। उन्होंने कहा कि अपने पीर का दामन पूरी मजबूती के साथ पकड़े रहो। उन्होंने कहा कि जिस मिशन को शाह सकलैन मियां हुजूर ने शुरू किया है, उसको अल्हाज गाजी मियां हुजूर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे किसी से भी मुरीद हो, अपने पीर का दामन कभी न छोड़ों। आखिर में सालातो सलाम के बाद दुआ की गई।

सोमवार को उर्से सकलैनी व शराफती के आखिरी कुल की रस्म अदा की गई। सुबह 10 बजे रिमझिम बारिश के बीच तिलावते कुरआन के साथ आखिरी कुल की रस्म अदा की गई। इसके बाद पीरो मुरशिद शाह मोहम्मद गाजी मियां हुजूर ने फातिहा ख्वानी पढ़ी, और फिर मुल्क व कौम के हक में दुआ फरमाई। आखिरी कुल के बाद लंगरे आम हुआ, जिसमें काफी तादाद में मुरीदों व अकीदतमंदों ने शिरकत की। तीनों दिन हुए कार्यक्रम की निजामत मुख्तार अहमद सकलैनी ककराल. वी ने की। इस मौके पर शादाब खान सकलैनी, रिजवान खान सकलैनी, अरशद सकलैनी, गाजी सकलैनी, रेहान खान सकलैनी, फैसल सकलैनी, वसीम एडवोकेट, आमिर सकलैनी एडवोकेट, समीर बेग, नौशाद सकलैनी, फैजान सकलैनी, इमरान सकलैनी, शारिक सकलैनी, नदीम सकलैनी, अकील सकलैनी, आजम सकलैनी, अरशद सकलैनी समेत सैकड़ों मुरीद व अकीदतमंद मौजूद रहे।

## एक नजर

## बहेड़ी में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा बहेड़ी नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा और भाजपा नेता प्रशांत पटेल ने एमजीएम इंटर कॉलेज से तिरंगा यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ष्भारत माता की जयष, ष्वंदे मातरमष और ष्ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबादष के जयकारे लगाए। भारी बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं और एमजीएम इंटर कॉलेज के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा ब्लॉक सभागार स्थित शहीद स्मारक में संपन्न हुई। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, भूपेंद्र सिंह, सुरेश गंगवार, अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, भाजपा नेता राहुल गुप्ता, जबर सिंह, सुदेश सिंह, महेश शर्मा और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाना है। इस अभियान के तहत देश भर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं, और लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया जा रहा है।

# सब्जी लेकर आ रहे युवक पर जानलेवा हमला, हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला शाहजी नगर, नई बस्ती निवासी मोहम्मद फैजान पुत्र हिम्मत अली पर रविवार रात लगभग 8 बजे जानलेवा हमला हुआ। फैजान सब्जी लेकर रेलवे लाइन के किनारे-किनारे अपने घर लौट रहे थे, जब चमर पुलिया के पास पहुंचे तो रेल की पटरियों पर बैठे 7-8 युवकों ने उन पर हमला कर दिया।

फैजान के परिवार के मुताबिक अकेला था, कुछ लोग रास्ते में शराब पी रहे थे, वहां गुजरने पर इन युवकों ने बिना वजह अपशब्द कहना शुरू कर दिया। विरोध करने पर शराब के नशे में धुत युवक अचानक हमलावर हो गए, और बेल्ट व डंडों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में फैजान के सिर, चेहरे, आंख और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, और वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।

स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल फैजान को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। पीड़ित के परिजनों ने हमलावरों की पहचान चमर पुलिया, बहेड़ी के निवासी के रूप में की है। घटना की सूचना थाना बहेड़ी में दे दी गई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार करेगी और न्याय सुनिश्चित करेगी।

# सहकारी बैंक घोटाले का मास्टरमाइंड शाखा प्रबंधक दबोचा

- रकम हड़पने के लिए खोले गए थे 550 फर्जी खाते



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सहकारी बैंक शाखा फरीदपुर में करोड़ों का घोटाला करने वाले निलंबित शाखा प्रबंधक गौरव वर्मा को आखिरकार पुलिस ने दबोच लिया। गौरव पर किसानों और विधवाओं के खातों से सरकारी योजनाओं की भारी-भरकम रकम हड़पने का आरोप है। पुलिस ने उसे रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे फरीदपुर इलाके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

यह पूरा मामला करीब 1.31 करोड़ रुपये के गबन का है। जांच में सामने आया कि बैंक शाखा के कर्मचारी चंद्र प्रकाश, दीपक पांडे, मुकेश कुमार गंगवार के साथ मिलकर गौरव वर्मा ने किसान सम्मान निधि और विधवा पेंशन निधि में सेंध लगाई। मामला 8 जुलाई को तब खुला, जब जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के वरिष्ठ सहायक अंकित कुमार ने थाने में तहरीर दी।

गौरव वर्मा ने पूछताछ में कबूल किया कि मई 2022 में शाखा प्रबंधक बनने के बाद उसने लिपिक चंद्र प्रकाश के कहने पर अपने सिस्टम का आईडी-पासवर्ड उसे दे दिया। इसके बाद चंद्र प्रकाश ने करीब 550 फर्जी खाते खोलकर गलत आधार नंबर से लिंक कर दिया। इन्हीं खातों के जरिए लगभग 90 लाख रुपये निकाल लिए गए। गौरव ने यह भी बताया कि उसके आने से पहले ही पूर्व शाखा प्रबंधक मुकेश गंगवार के कार्यकाल में करीब 40-45 लाख रुपये का गबन हो चुका था। फिलहाल बैंक में करीब 60 लाख रुपये ही बचे हैं।

निरीक्षक अपराध रविन्द्र कुमार नैन, उपनिरीक्षक लोकेश तोमर और कांस्टेबल महेश ने मिलकर गौरव को दबोचा। पुलिस अब बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है और बैंक के सभी वित्तीय लेनदेन की बारीकी से जांच कर रही है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भाजपा पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा रैली को भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव और जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं नगर वासियों और स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया और उन्होंने अपने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगाए। और देश भक्ति के गीतों पर नाचते गाते हुए रवाना हुए। तिरंगा यात्रा रैली फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड कार्यालय से शुरू होकर कस्बे की मेंन मार्केट होते हुए लोधी नगर चौराहे से स्टेशन रोड पर जाकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा रैली का कस्बा वासीयों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा तिरंगा हमारे देश की शान है इसको कभी झुकने नहीं देना है। और उन्होंने वहां मौजूद सभी लोगों से अपने अपने घरों एवं गाड़ियों पर तिरंगा लगने की बात कही। तिरंगा यात्रा रैली में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष अतहर अली, यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमन जयसवाल,सचिन चौहान, चक्रवीर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार, ओमेंद्र सिंह चौहान,बालेदीन पाल, आशीष अग्रवाल,राम गुप्ता,जगत सिंह,सूरज राठौर,नरोत्तम मौर्य,मंजू कोरी, सभासद प्रेम कुमार कोरी, मोनू ठाकुर, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ दीपू, पूर्व सैनिक राम सिंह, तुलाराम मौर्य, भाजपा नेता जगतपाल सिंह आदि भाजपा नेता एवं नगर नगर वासियों के साथ कई स्कूलों के बच्चे झंडा यात्रा रैली कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

# हड़बार की भूमि पर किए जा रहे निर्माण को नायब तहसीलदार ने रुकवाया

- कब्जेदारों ने शिकायतकर्ता को पीटा, प्रधान पति सहित कई पर रिपोर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सरकारी भूमि (हड़बार) की बेश कीमती भूमि पर कब्जा कर पक्का निर्माण कराए जाने की शिकायत पर नायब तहसीलदार ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। निर्माण रोके जाने से भन्नाए दबंगों ने एक शिकायतकर्ता को रास्ते में घेरकर खूब पीटा, उन्होंने उसकी कार में भी तोड़फोड़ कर डाली। पुलिस ने मौके पर मिली सीमेंट, रेता मिलाने की मशीन को कब्जे में ले लिया है, घटना की रिपोर्ट युवक की ओर से ग्राम प्रधान पति समेत पांच लोगों के खिलाफ थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

कस्बे से सटे रिछोला किफायतुल्लाह गांव में बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे ग्राम समाज (हड़बार) की बेश कीमती भूमि पड़ी है। गांव के मोहम्मद वसीम का आरोप है कि इस भूमि पर गांव के ही प्रधान पति मुमताज अहमद, सुरेन्द्र गंगवार ने अपनी निगाह गड़ा रखी है। कुछ माह पूर्व उन्होंने इस भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराया था, जिसकी शिकायत करने पर उनके खिलाफ तत्कालीन हल्का लेखपाल गौरव कुमार ने थाना नवाबगंज में अवैध कब्जे की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

रविवार की रात वह इस भूमि पर किए गए निर्माण कर लिंटर डाल रहे थे, जिसकी शिकायत ग्राम के मो. वसीम द्वारा तहसीलदार को फोन पर की गई थी, जिसपर तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने नायब तहस. ीलदार और लेखपाल को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रोके जाने के निर्देश दिए। रात करीब दस बजे मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां से सीमेंट, रेता, बजरी आदि मिलाने वाली मशीन को अपने कब्जे में लेकर पुलिस चौकी पर लाकर खड़ा करा दिया।

आरोप है कि इससे गुस्साए ग्राम प्रधान पति मुमताज अहमद, उसके भाई सुराज अहमद, उसके पुत्र सैफ व सुरेन्द्र गंगवार ने उसे गांव में ही पुलिस चौकी के पास घेरकर उसकी खूब पिटाई की, दबंगों ने उसकी कार में तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर डाला।

घटना की रिपोर्ट मोहम्मद वसीम की ओर से थाना नवाबगंज में मारपीट करने वालों के खिलाफ दर्ज करायी गई है।

> जिस भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, वह अनुसूचित जाति की पट्टे की है। इस भूमि को बिना परमीशन के पिछड़ी जाति के लोगों के हाथ बेच दिया गया है जो कि गलत है। उपरोक्त भूमि को ग्राम समाज में दर्ज कराए जाने के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं, जल्द ही भूमि ग्राम समाज में दर्ज हो जाएगी।
>
> **दुष्यन्त प्रताप सिंह, तहसीलदार नवाबगंज**

# डीएम ने स्वतंत्रता दिवस के सम्बन्ध में ली बैठक




- स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) आयोजन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिन स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन हो, वहां पर जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाए, तथा उन्हीं के द्वारा झण्डा रोहण भी कराया जाए, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम उपरांत फोटो पोर्टल पर अवश्य अपलोड की जाएं, तथा सभी सरकारी कार्यालयों में लाइटिंग की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में डीएम ने समस्त अधिकारियों को तिरंगा यात्रा को लेकर अति शीघ्र समस्त तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा, रंगोली बनाई जाएगी और सेल्फी जोन तैयार किए जाएंगे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि प्रात: 8:00 बजे सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, कॉलेजों, स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के दिन स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी नगर व गांवों में भी आयोजन किये जायेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बुलेट से पटाखे छोड़ने का वीडियो वायरल, क्षेत्र में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के गोल्डन ग्रीन पार्क में देर रात एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़ते हुए कॉलोनी में घुसा। पटाखों की तेज आवाज से इलाके में फायरिंग जैसी अफवाह फैल गई, और लोग खिड़कियों व छतों से झांकने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस तरह की घटनाएं अक्सर देर रात होती हैं, जब कुछ युवक बुलेट या रेसर बाइक से सड़कों पर निकलकर तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं, और साइलेंसर से फायर जैसी आवाज निकालते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो रविवार रात का बताया जा रहा है, जिसमें युवक बीसलपुर रोड से होते हुए गोल्डन ग्रीन पार्क के अंदर प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। आसपास के लोगों ने छत से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया। हालांकि, मीडिया संस्थान ने इसकी पुष्टि नहीं की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के स्टंट से क्षेत्र में भय और अशांति फैल रही है। उनका मांग है कि पुलिस ऐसे बाइक चालकों पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## महिला ने लगाया दबंगों पर रंगदारी और धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र की एक महिला ने दबंग किस्म के लोगों पर रंगदारी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है।

काजीटोला निवासी रेशमा पत्नी नईम कुरैशी के मुताबिक, उनके पति ने 7 अगस्त को थाना बारादरी मे गंभीर धाराओं में हमदान, आमिर और 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि इसी रंजिश में 9 अगस्त की रात करीब 9 बजे हमदान, आमिर, उवैश और 3-4 अज्ञात लोग उनके घर में घुस आए। उस समय उनके पति घर पर नहीं थे। आरोपियों ने रेशमा के साथ मारपीट की, और रंगदारी के तौर पर 10 लाख रुपये की मांग की। साथ ही मुकदमे में समझौता करने का दबाव डाला, और इनकार करने पर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने उनके पति को गुलाब के जिम में बुलाकर डराया-धमकाया, और बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए 30 लाख रुपये की मांग का वीडियो भी बनवा लिया। महिला ने आरोप लगाया कि सभी आरोपी दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनके खिलाफ बरेली के अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। रेशमा का कहना है कि आरोपी कभी भी उनके परिवार के साथ गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने एसएसपी से प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# उर्स-ए-रजवी में उठने वाले मुद्दों का एजेंडा तय

- समाज सुधार, आपसी सौहार्द व नौजवानों से सोशल मीडिया के सही इस्तेमाल पर रहेगा विशेष फोकस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इस्लामिया मैदान में आयोजित होने वाले 107वें उर्स-ए-रजवी में दुनिया भर से आने वाले उलेमा व वक्ताओं को तकरीर करने के लिए विशेष टॉपिक दिए जा रहे हैं। सोमवार को दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने मदरसा मंजरे इस्लाम के उलेमा व शिक्षकों के साथ उर्स रजवी की तैयारियों व रूपरेखा को लेकर बैठक सय्यद आसिफ मियां की मौजूदगी में की।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि हर बार देश-विदेश के सुन्नी, सूफी, खानकाही, बरेलवी मुसलमानों तक उर्स रजवी के स्टेज से खास पैगाम दिया जाता रहा है। इस साल भी उलेमा की तकरीरों के लिए विषय तय किये गए हैं। इस संबंध में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) के दिशा निर्देश से मंजरे इस्लाम के वरिष्ठ शिक्षक मुफ्ती मोहम्मद सलीम बरेलवी ने बताया कि सुन्नी सूफी बरेलवी विचारधारा जिसे मसलक-ए-आला हजरत कहते हैं उसकी शिक्षा और उसके रास्ते पर मजबूती के साथ चलने का संकल्प, अहले सुन्नत वल जमात और खानकाहों में इत्तेहाद की जरूरत पर जोर, इस समय देश में फैली सामाजिक बुराईयों जैसे नशाखोरी, जुआ, महिलाओं के साथ होने वाली जुल्म व ज्यादती, बढ़ती दुष्कर्म की घटनाएं, सूदी (ब्याज) कारोबार, आपसी लड़ाई-झगड़े और हत्याएं, शिक्षा के क्षेत्र में मुसलमानों का पिछड़ापन, शादियों में फुजूलखर्ची, निकाह को आसान करने के साथ बच्चे-बच्चियों की कानूनी उम्र पूरी होने पर जल्दी शादी करना, भारतीय कोर्ट-कचहरी में बढ़ते मुकदमों की संख्या के मद्देनजर अपने छोटे-मोटे मसलों को घरों में निपटाने जैसे अहम मुद्दों के अलावा देश वासियों के बीच जो लोग नफरत फैलाने का एजेंडा चला रहे हैं, उनके विरुद्ध अमन पसंद हिन्दू-मुस्लिम देश प्रेमियों का देश के कोने-कोने में गठजोड बनाने के लिए अभियान चलाने की अपील व आह्वान उर्स-ए-रजवी के स्टेज से उलेमा करेंगे।

साथ ही सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्तिजनक, भावनाओं को आहत करने व देश व दुनिया के अमन-चैन और शान्ति को प्रभावित करने वाली गैर कानूनी सामग्री को अपलोड व फारवर्ड करने से बचने और सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने की नौजवानों से भी उलमा अपीले करेंगे।

अपने-अपने इलाकों में इस्लाम की अमन व शान्ति वाली शिक्षा और उसके शान्तिवाद वाले चहरे को जन-जन के सामने लाने का प्रयास करने, अपने बुजुर्गों की तरह नई नस्ल में देश प्रेम की भावना पैदा करने के अलावा पाकिस्तानी कुछ कट्टरपंथी यू ट्यूबर उलेमा से नौजवानों को सावधान करने के अलावा शरई मालदार मुसलमान सदके व जकात की रकम का हिसाब लगाकर पूरी रकम मुस्तहिक जरूरतमंद जैसे बीमार, शिक्षा हासिल कर रहे छात्र, बेरोजगार, बीमार, बेटियों की शादी में उन्हें एकमुश्त अपनी जकात की रकम देकर मालिक बना देने की अपील भी उर्स के स्टेज से की जाएगी। इस मौके पर मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती अय्यूब नूरी, राशिद अली खान, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, शाहिद खान नूरी, नासिर कुरैशी, ताहिर अल्वी, शान रजा, नाजिम रजा, जुहैब रजा, कामरान खान, हाजी फय्याज, सय्यद एजाज, हाजी शकील, सबलू अल्वी, सुहैल रजा, मुजाहिद बेग, गयाज रजा, कैफी रजा, खालिद नूरी, मंजूर रजा आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में अध्यापक की मौत, शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** अज्ञात वाहन की टक्कर से अध्यापक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनकी मौत से शिक्षकों और विद्यार्थियों में शोक की लहर दौड़ गई।



कोतवाली क्षेत्र के ग्वारी गौटिया गांव निवासी अरविंद कुमार गंगवार (30 वर्ष) पुत्र दीपचंद गंगवार बहेड़ी ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक थे। वह अपनी मोटरसाइकिल से भुड़िया गांव से अपने गांव जा रहे थे। तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अरविंद कुमार को स्थानीय पुलिस ने इलाज के लिए भोजीपुरा भेजा, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। अध्यापक अरविंद कुमार की मौत की खबर सुनकर उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने परिजनों को ढांढस बंधाया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अरविंद कुमार की मौत से उनके साथियों और छात्रों में शोक की लहर है। वह एक अच्छे अध्यापक के रूप में जाने जाते थे, और उनकी मौत से सभी को गहरा सदमा लगा है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# बर्ड फ्लू को लेकर प्रशासन सतर्क, जिले स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के उपरांत इसके प्रसार पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रशासनिक स्तर से सतर्कता बढ़ाने के निर्देश जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पशुपालन, स्वास्थ्य, पंचायतीराज और पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुर्गियों, अंडों एवं पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन एवं बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मृत पक्षियों का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण एवं फार्म परिसर का पूर्ण सैनिटाइजेशन कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इसकी निगरानी के लिए 10 किलोमीटर तक सर्विलांस जोन घोषित कर टीमों की तैनाती की जाए और पुलिस विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन नियंत्रण की कार्यवाही भी की जाये।

जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। उन्होंने कहा कि संक्रमित एवं मृत पक्षियों के संपर्क में



न आयें और किसी भी प्रकार की असामान्य पक्षी मृत्यु की सूचना तुरंत नजदी की पशु चिकित्सालय या कंट्रोल रूम को दें। इस संबंध में पशु पालन विभाग द्वारा कंट्रोल रूम भी संचालित किया जा रहा है जिसका संपर्क नंबर 7248343667 है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी वीपी सिंह ने बताया कि जनपद में स्थित एक निजी पोल्ट्री फार्म में 7 अगस्त 2025 को भारी संख्या में मुर्गियों की असामान्य मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर पशु पालन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर 8 अगस्त, 2025 को आवश्यक सैंपल संकलित कर हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज लैबोरेट्री भोपाल को भेजे गए थे।

जिसके बाद 10 अगस्त, 2025 को प्राप्त लैब रिपोर्ट में एच 5 एन 1 एवं इन्फ्लूएंजा वायरस की पुष्टि हुई है। इसके पश्चात प्रभावित पोल्ट्री फार्म एवं 1 किलोमीटर क्षेत्र को इन्फेक्टेड जोन घोषित किया गया है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीएमओ ने छात्राओं को खिलायी एल्बेंडाजोल की दवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर स्थित सेंट मेरी सीनियर सेकन्डरी विद्यालय में 11 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश द्वारा छात्राओं को एल्बेनडाजोल टेबलेट खिलाकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक के समय से बच्चों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए स्वच्छता के प्रति अपने आसपास सभी को जागरूक करने का प्रण लिया।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अन्तर्गत समस्त स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा मदरसों में 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के लगभग 14



लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलायी जानी है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 11 अगस्त, 2025 को अल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से वंचित रह गए हैं उन्हें 14 अगस्त, 2025 को मॉक अप में एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ. संतोष, नोडल अधिकारी एन.डी.डी., डॉ. आर. के. वर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ साथ स्काउट गाइड प्रशिक्षण और स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर जेसी के साथ स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# बन्द पड़े घर मे हजारों–की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बन्द पड़े घर मे चोरो ने हजारों रुपए पर हाथ साफ कर दिया परीवार ने जब वापस आकर देखा कमरे मे सामान बिखरा पडा था। अलमारी मे रखे रुपए गायब थे रुपए गायब देख परीवार वालो के होश उड़ गए आस पास के लोगो को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ओर जांच पड़ताल की इब्राहिम पुत्र साबिर निवासी लाडपुर परीवार सहित अपना घर बन्द कर अपने साडू की खैर खबर लेने मसवासी गये थे। कि मसवासी



से वापस जाने के बाद लगभग दस बजे जब अपने घर जब वापस पहुंचे तब देखा कि कमरे ताला खुला पड़ा है। कमरे मे सारा सामान बिखरा पडा है यह देख इब्राहिम के होश उड़ गये। अलमारी मे देखा तो अलमारी रखे चालीस हजार रूपए ओर सोने चांदी की जेवर गायब थे घर मे शोर शराबा होने पर आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ओर जांच पड़ताल की।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला सहकारी बैंक लि.सभागार में किया गया।

उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया गया कि जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल द्वारा समय-समय पर बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित कर इस योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृति व वितरण हेतु निर्देशित किया जाता रहा है।



इस कार्यक्रम में समाधान टीम के एक्सपर्ट अब्दुल रफी शम्स एवं समन्वयक अभिषेक कुमार द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देने के साथ ही प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना, कोटेशन प्राप्त करना, मशीनों के सप्लायर के सम्बन्ध में तथा सामानों के आदान-प्रदान आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान 245 लाभार्थियों नवयुवक और नवयुवतियों द्वारा प्रतिभाग लिया गया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र के समस्त स्टाफ, जिला समन्वयक बैंकर्स एवं लीड बैंक अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सैफनी पुलिस ने लड़ाई झगडे में दो का शांतिभंग में किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन कराये जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शाहबाद के कुशल नेतृत्व में सोमवार को 02 अभियुक्त वीरपाल सिंह पुत्र नेतराम उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम चन्द्रपुर कला थाना सैफनी जनपद रामपुर , सोनू पुत्र



छोटेलाल उम्र करीब 24 वर्ष नि. चन्द्रपुर कला थाना सैफनी जनपद रामपुर को वादी मिलन पुत्र पूरन निवासी ग्राम चन्द्रपुर कला थाना सैफनी जिला रामपुर के द्वारा अपने विरुद्ध मुकदमा लिखवाने को लेकर आमदा फसाद करने को उतारु होने के कारण 170/126/135 बी.एन.एस.एस. में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट, शाहबाद जनपद रामपुर किया गया।

# भाजपाइयों ने नगर पंचायत में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने नगर मे तिरंगा यात्रा निकाली पूरा नगर देश भक्ती धुनो से गूंज उठा यात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से किया गया। सुबह से ही भाजपा कार्यकर्ता हनुमान मंदिर पर एकत्र होना शुरू हो गये। यात्रा भूवरा, चाऊपुरा मेन मार्केट मेन चौराहा काशीपुर मार्ग होते हुए नगर पंचायत कार्यालय परिसर पर जाकर समाप्त हुई।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के मन मे राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होनी चाहिए साथ ही उन राष्ट्रभक्तों वीर शहीदों को स्मरण करने का भी समय है।

जिनकी शहादत ही हमारी



स्वतंत्रा का प्रमुख कारण है विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा चौधरी सतपाल हुड्डा, मंडल अध्यक्ष जयवर्धन मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, कपिल गुप्ता, महेंद्र मौर्य, अशीष पाल, संजीव कुमार मौर्य, महेश भारद्वाज, दीपक सैनी अशोक सैनी योगेश सैनी धर्मपाल सागर, धर्मवीर सागर, रमेश भगत, रवि, मुकेश, सुरेंद्र, धर्मेन्द्र दिवाकर, राजेश सहित भारी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर लगने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सद्दीकनगर निवासी सौरभ चौधरी पुत्र राजवीर सिंह लगभग उम्र 25 वर्ष का भाई गौरव चौधरी 9 अगस्त की रात्रि लगभग 11बजे मेरठ से बाईक द्वारा अपनी मौसी के घर से राखी बंधवा कर लौट रहे थे तभी सौरभ लघुशंका करने हेतु बाईक एक साइड रोककर रोड पार कर रहा था तभी अचानक रौंग साइड से आ रही रोडवेज बस ने एक जोरदार टक्कर मार दी।

रोडवेज बस की लाइट भी खराब थी सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया तभी भाई गौरव ने उसे उठाया और एंबुलेंस को फोन कर बुलाकर सौरभ को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए मुरादाबाद ले गया। लेकिन



मुरादाबाद में कई अस्पतालों में गंभीर हालत देख भर्ती करने से मना कर दिया और उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां 10 अगस्त की रात्रि लगभग 10 बजे ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई परिजनों ने बताया कि अभी मृतक सौरभ अविवाहित था मौत की खबर सुन परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सैफनी थाना क्षेत्र में नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का मामलाः तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सागरपुर में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के संबंध में थाना सैफनी पर 131/74/115(2) भा.दं.सं. व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम शहनवाज, आयान और हसन हैं, जो सभी ग्राम सागरपुर, थाना सैफनी, जिला रामपुर के निवासी हैं। पुलिस ने सोमवार को शाहबाद-बिलारी रोड पर दाना पानी होटल के आगे ग्राम सागरपुर को जाने वाले कच्चे रास्ते




पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के तहत जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं कि बाल अपराध से जुड़े मामलों में शून्य सहनशीलता बरती जाए।

# एसपी व एडीएम ने स्वतंत्रता दिवस के संबंध में ली बैठक

**हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए तैयारियों की हुई समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 13 से 15 अगस्त के मध्य संचालित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजन को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश को एकरूपता में जोड़े रखने के लिए आयोजित किया जा रहा है। किसी भी दशा में तिरंगे का अपमान न होने पाए, उसकी गरिमा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए और झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए हर घर तिरंगा का आयोजन कराया जाये।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला स्वाधीनता दिवस गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम्परागत रूप से आकर्षक ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में क्रॉस कंट्री रेस के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने गांधी समाधि पर मिष्ठान व पानी



आदि की समुचित व्यवस्था करने के लिए ई.ओ. नगर पालिका को निर्देशित किया इसके अतिरिक्त मेडिकल फैसिलिटी और एंबुलेंस की उपलब्धता के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये।

जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों/भवनों में तिरंगा लाइट के माध्यम से सजावट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को शहर के प्रमुख चौराहे, सरकारी भवनों व विद्युत पोलों पर तिरंगा लाइट लगाने के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम, रैली, प्रभात फेरी आदि निकालने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में पेंटिंग, वाद विवाद, रंगोली आदि पूर्व की भांति प्रतियोगिताएं कराने और छात्रों को पुरस्कृत करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक के दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी स्वार के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्ता परवीन जहाँ पत्नी इदरीश निवासी ग्राम मानपुर उत्तरी थाना स्वार जपनद रामपुर सम्बन्धित सम्बन्धित केश नं .9/25, मु.अ.सं. 52/24 धारा 137(2),127(2),115(2),79,351(2),61(2) बीएनएस व 16/17 पोक्सो एक्ट, मा. न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट रामपुर को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्ता उपरोक्त को मा.न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि.मनोज कुमार, म.उ.नि. नीलम द्विवेदी, हे.का. विकास कुमार, म.का. आशा परीक्षित, म.का. कृतिका मौजूद रही।

# ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा की सफलता को किसानों से किया संपर्क



**शाह टाइम्स संवाददता**

**टाण्डा/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के तत्वावधान में 13 अगस्त को जनपद में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की सफलता के लिए भाकियू के पदाधिकारियों ने सोमवार को क्षेत्र के कलैया नगला, खुशहालपुर, मुतियापूरा, सहरिया नरपत, सहरिया दराज और धीरजनगर आदि गांवों का दौरा कर किसानों से संपर्क किया और यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में ट्रैक्टरों सहित शामिल होने की अपील की।

इस अवसर पर भाकियू के जिला सचिव साबिर अली,नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,इंतिजार अली,वारिस चौधरी, मोहम्मद जावेद, मसरूफ अली, नजाकत अली, हाशिम अली, हाजी बाबू, डॉक्टर असगर अली, डॉक्टर फारूक, फरजंद अली और बुनियाद अली आदि मौजूद रहे।

# ऑल इण्डिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार को ऑल इण्डिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खान का दौरा किया और नगर अध्यक्ष अधिवक्ता परवेज अख्तर के आवास पर पदाधिकारियों से मुलाक.ात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खान ने कहा कि मौजूदा हालात में पूरे भारत में हर जगह मुसलमान और मुसलमानों को जानबूझ कर निशाना बनाया जा रहा है, जो सिर्फ एक राजनीतिक षडयंत्र है।सभी भारत में रहने वाले हमारे भाई चाहें वो किसी भी धर्म से संबंध रखते हों, मौजूदा हालात और राजनीति से वाकिफ हैं। बार-बार मुसलमानों को निशाना बनाकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश अपने आप में न्यायालय अवमानना



है। बाबर खान ने देश के सभी लोगो से अपील की है कि सभी लोग मिलजुलकर रहे। राष्ट्रीय सचिव खान शोएब यूनुस ने कहा कि देश में जो प्राइवेट सेनाएं बनाई जा रही है, उन्हें सरकार द्वारा रोक लगाना चाहिए। यहां पर राहत जान खां राष्ट्रीय प्रोपोगेंडा सचिव,एडवोकेट परवेज अख्तर, इरशाद अंसारी, मोहम्मद आसिफ, अर्शी खान, मोहसिन खान, अब्दुल मोअज्जम खां प्रदेश सचिव, मौलाना शादाब कदीरी जिला मीडिया प्रभारी, असलम खान जिला अध्यक्ष मौजूद रहे।

# राशन कार्ड के प्रत्येक यूनिट का ई-केवाईसी अनिवार्य

## ई-केवाईसी न कराने पर सितम्बर माह से संबंधित यूनिट को नहीं मिलेगा राशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के ऐसे सभी राशन कार्ड धारक, जिन्होंने अब तक ईकेवाईसी नहीं कराई है उन्हें अगले माह से राशन का वितरण नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी राशन कार्डधारकों के परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिन्होंने ई-केवाईसी अभी तक नहीं करायी है, तत्काल कराना सुनिश्चित करें अन्यथा अगले माह से उनकी यूनिट का खाद्यान्न 03 माह के लिए रोक दिया जायेगा और इन 03 माह में भी ई-केवाईसी न कराने पर उनकी यूनिट उनके राशन कार्ड से निरस्त कर दी जाएगी।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन राशन कार्ड लाभार्थियों द्वारा समयावधि में ई-केवाईसी करा ली जाएगी, वे सभी अगले माह से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नए राशन कार्ड से संबंधित सभी यूनिटों को अथवा प्रचलित राशन कार्ड में जोड़ी गई नई यूनिट को खाद्यान्न प्राप्त करने से पूर्व ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य होगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में 1720224 लाभार्थी हैं, जिनमें से 86 प्रतिशत लाभार्थियों ने ई-केवाईसी करा ली है। प्रदेश में जनपद का 23वां स्थान है। परंतु अब तक 242228 यूनिट यानि 14 प्रतिशत ऐसे लाभार्थी हैं, जिन्होंने ई-केवाईसी नहीं करायी है।

उन्होंने बिना ई-केवाईसी लाभार्थियों से अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए कोटेदार




की ई-पॉस मशीन से अपने सदस्य युनिट की ई-केवाईसी अगस्त माह के भीतर करा लें।

# सड़क हादसे में बालिका व मौसा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रक्षाबंधन मनाकर लौटते समय खंबे से कार टकरा जाने के कारण एक बच्ची की मौत हो गई तो वहीं उपचार के दौरान बच्ची के मौसा की भी मौत हो गई। हादसे में परिवार के कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं। मृतक बच्ची के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसमें उन्होंने कार अनियंत्रित होकर खंबे से टकरा जाने को हादसे की वजह बताई है। घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है।



जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला आजादनगर निवासी पवन कुमार, उनकी पत्नी लक्ष्मी, 7 वर्षीय बेटी मिष्टि व मौहल्ला जवाहरनगर निवासी पवन के साढ़ू साढ़ू मुकेश कुमार, उनकी पत्नी सुशीला, बच्चे मनु व दीक्षा आदि रक्षाबंधन के अवसर पर रामपुर जनपद के थाना क्षेत्र केमरी अन्तर्गत गांव में अपनी ससुराल में गए थे। वापसी में लौटते समय कार को मुकेश कुमार चला रहे थे। रात करीब पौने दस बजे रॉयल इन्फील्ड शोरूम के पास सर्विस रोड पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर खंबे से टकरा गई। हादसे में कार सवार लोग घायल हो गए थे। हादसे में पवन कुमार की सात वर्षीय बेटी मिष्टि की तो रात ही मौत हो गई थी तो वहीं मुरादाबाद में स्थित टीएमयू में उपचार के दौरान मुकेश भी चल वसे। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने बच्ची के शव को बिना पीएम की कार्रवाई के ही परिजनों को सौंप दिया जबकि मुकेश की मौत टीएमयू में होने के कारण थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि परिजनों के अनुरोध पर बच्ची के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। बताया कि यह हादसा कार अनियंत्रित होकर खंबे से टकराने हुआ। किसी वाहन से कार नहीं टकराई।

**दुखद**

**रविवार की रात करीब दस बजे हाइवे पर हुई दुर्घटना**



गजरौला। सड़क हादसे के बाद विलाप करते बालिका के परिजन।

# युवक की हत्या कर खेत में फेंका शव

## मृतक के गले में बंधी मिली रस्सी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाजरे के खेत में एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जब महिलाओं ने शव पड़ा देखा तो गांव में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराने का भरसक प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर भी जांच पड़ताल की है।

सोमवार को गांव भूत खदेड़ी में चमन के बाजरे के खेत में अज्ञात लाश के बाएं हाथ पर मॉम डेड गुदा हुआ है। जबकि सीधे हाथ में राखियां बंधी हुई थी। मृतक के गले में प्लास्टिक की रस्सी बंधी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारों ने युवक की प्लास्टिक की रस्सी से गला दबाकर हत्या की होगी। और शव को यहां लाकर डाला गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। एडिशनल एसपी अखिलेश भदोरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टय प्रतीत हो रहा है कि शव को लाकर यहां डाला गया है। लोगों एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर मृतक का फोटो डाला गया है। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जायेगी। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाएं है।

# बाढ़ के पानी में डूबकर युवक की मौत

## दो घंटे की मशक्कत के बाद बरामद हुआ शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बाढ़ के पानी में नहाने गया युवक तेज बहाव में बह गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ। शव देखकर परिवार में चीख पुकार मच गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव घंसूरपुर मिलक निवासी किसान योगराम का 32 वर्षीय बेटा सोनू पेशे से मजदूर था। परिवार में पत्नी हेमलता के अलावा दो बच्चे हैं। बीते कई दिन से जारी मूसलाधार बारिश के बीच क्षेत्र से गुजर रही गागन नदी इस समय उफान पर है। इसके चलते अमरोहा देहात क्षेत्र के कई गांवों में भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है। पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर सोनू गांव के ही रहने वाले राहुल, प्रदुमन व बब्लू के साथ गांव सोंडाला फरीदपुर के पास गंग नहर के पुल पर नहाने के लिए गया था लेकिन वहां पानी ज्यादा था लिहाजा सभी गांव कोठीपुरा के खेतों में भरे पानी में नहाने लगे। पानी का बहाव तेज होने के कारण अचानक सोनू का पैर फिसल गया और वह बहाव के साथ बहने लगा जबकि तीनों साथी कुछ दूरी पर थे। पानी में डूब रहे सोनू ने खुद को बचाने के लिए शोर मचाया तो तीनों साथी डर करकर पानी से बाहर निकल आए। जानकारी तुरंत ही ग्रामीणों और परि. जनों को दी। थोड़ी देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ अवधभान भदौरिया व नायब तहसीलदार रुपक सक्सेना भी घटनास्थल पर पहुंच गए। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद घटनास्थल से करीब पांच सौ मीटर दूर सोनू का शव गन्ने के खेत में फंसा हुआ मिला। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ अवधभान भदोरिया ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही।



# महिला के सामने अधेड़ ने किया अंग प्रदर्शन

## पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिला के सामने अधेड़ ने अंग प्रदर्शन कर उसे शर्मसार कर दिया। पुलिस को तहरीर देकर महिला ने कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी निवासी ममता पत्नी अजब सिंह चार बच्चों की मां है। ममता ने बताया कि वह सोमवार की सुबह करीब 10 बजे अपनी बहन चंचल के घर गांव घंसूरपुर गई थी। उसकी बहन 8 मां की गर्भवती है वह उसे लेकर खेत पर गई थी। ममता का आरोप है कि बहन के ससुर ने उन्हें देखते ही गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दी तथा अपने शरीर से कपड़े उतार कर अंग प्रदर्शन कर छेड़छाड़ करने लगा। बहन के ससुर की इस नापाक हरकत को देखकर वह अपने आप को अपमा. नित महसूस करने लगी। उसके विरोध करने पर उसकी डंडों से पिटाई कर दी। ममता का आरोप है कि उसकी बहन ने उसे बड़ी मुश्किल से बचाया। उसकी बहन का जेठ रविंद्र भी मौके पर पहुंच गया तथा पिता पुत्रों ने उसको पकड़ कर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने बहन के ससुर के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने महिला से तहरीर लेकर मामले की जांच करनी शुरू कर दी है।



हसनपुर। खेत में मिले शव की जांच पड़ताल करती पुलिस।

# दबंगों ने दलित परिवार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## बाढ़ के पानी में नहाने पर भड़के दबंग, गांव में तनाव, महिलाओं को भी नहीं बख्शा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बारिश और बाढ़ के मौसम में लोग जहां पानी का मजा लेने निकलते हैं, वहीं गांव आजमपुर में यह शौक एक दलित परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ा। रविवार की दोपहर, बाढ़ के पानी में नहाने को लेकर शुरू हुई मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं तक को नहीं बख्शा।

पीड़ित दलित परिवार का आरोप है कि विवाद की शुरुआत बस इतनी सी थी कि दलित परिवार के लोग गांव के पास जमा बाढ़ के पानी में नहा रहे थे। इसी दौरान आरोपियों से कहासुनी हो गयी और मामला तकरार में बदल गया। कुछ ही मिनटों में लाठी-डंडे ईंट पत्थर चलने लगे, महिलाओं को बाल पकड़कर घसीटा गया, और चार लोग लहूलुहान हो गए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने पूरे गांव का माहौल और गर्मा दिया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह दबंग महिलाएं और पुरुषों पर बेरहमी से हमला कर रहे हैं। महिलाओं की चीख-पुकार और लोगों की भगदड़ गांव के हर कोने तक सुनाई दे रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही बालकिशन पुत्र नत्थू, वीरेंड पुत्र लाला, मिन्टू पुत्र लाला, सतपाल पुत्र बालकिशन, सोविन्दर पुत्र बालकिशन और अमरपाल पुत्र बलराम के खिलाफ मारपीट व जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव में बढ़ते तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो माहौल और बिगड़ सकता है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि बाढ़ का पानी भले ही साफ हो या गंदा, लेकिन सामा. जिक वैमनस्य की गंदगी गांव का माहौल कितना जल्दी दूषित कर सकती है



# गार्ड ने पिस्टल से खुद को गोली मारी, मौत

## घरेलू विवाद में उठाया आत्मघाती कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घरेलू विवाद में सुरक्षा गार्ड ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जिससे घर में कोहराम मच गया। परि. जनों ने पीएम के बाद शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव अदलपुर मिलक में किसान नाथू सिंह का परिवार रहता है। उनके 33 वर्षीय बेटे अरुण कुमार के परिवार में पत्नी शालू के अलावा एक 13 साल का बेटा है। पुलिस के मुताबिक अरुण शहर की आवास विकास में रहने वाले एक जनप्रतिनिधि के यहां बतौर निजी सुरक्षा गार्ड नौकरी करता था। घरेलू विवाद के चलते बीते कुछ दिन से वह तनाव से जूझ रहा था। शनिवार रात करीब दस बजे अरुण ने घर में ही अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। गर्दन में गोली लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। फायर होने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीणों मौके पर पहुंचे। सभी लोग अरुण को लेकर तुरंत शह के एक निजी अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ अवधभान भदोरिया ने भी घटनास्थल का मुआयना कर परिजनों से आत्महत्या के पीछे छिपे कारणों की जानकारी ली। बाद में पुलिस ने मौके पर रिवॉल्वर बरामद कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद परिजन शव घर ले आए तथा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि जांच में अरुण के घरेलू विवाद में आत्मघाती कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। परिजनों की ओर से फिलहाल मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई है। लाइसेंसी रिवॉल्वर को कब्जे में लेते हुए पूरे मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है।

## सत्ता पक्ष कर रहा लोकतंत्र से खिलवाड़: विपिन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के जनपद अमरोहा के जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने सोमवार को दिल्ली में चुनाव आयोग तक मार्च निकाल रहे नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विभिन्न दलों के नेताओं को दिल्ली पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किये जाने की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष ने चुनाव आयोग की पोल खोलने का काम किया है। कहा कि सत्ता पक्ष अपनी गलत कृत्य छुपाने की कोशिश कर रहा है और भारतीय लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर विपक्ष के नेताओं की आवाज दबा रहा है।

# साप्ताहिक बाजार में टीनशेड के नीचे मिला शव

## नहीं हो सकी मृतक की शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** साप्ताहिक बाजार में टीनशेड के नीचे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक भिखारी था तथा आसपास के इलाकों में भीख मांगकर अपना पेट पालता था।

सोमवार की सुबह करीब आठ बजे कस्बा जोया में लगने वाले साप्ताहिक बाजार स्थल में टीनशेड में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक देखने से भिखारी लग रहा है, बाद में स्थानीय लोगों ने इसकी पुष्टि की। बताया कि काफी दिन से वह क्षेत्र में पैसे मांगता हुआ घूम रहा था। सूचना पर पहुंची डिडौली कोतवाली पुलिस ने जांच-पड़ताल की, बाद में शव मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक की उम्र करीब 55 से 60 साल के बीच आंकी जा रही है। उसने आसमानी रंग की शर्ट और ब्लू कलर की पेंट पहन रखी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि मृतक आसपास इलाके में भीख मांग कर अपना पेट भरता था।

# मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ को उठे हजारों हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर।** हजरत बाबा फरीदी रह. की दरगाह पर चल रहे चार दिवसीय 551वें उर्स का सोमवार को कुल-शरीफ की रस्म के साथ समापन हो गया। आखिरी दिन दरगाह पर जायरीनों का तांता लगा रहा। पंजाब से आए जत्थे संग पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी दरगाह पर हाजिरी लगाकर चादरपोशी की। सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी ने मेहमानों की दस्तारबंदी की तथा उन्हें स्मृति चिंह भेंट किए।

**हजरत बाबा फरीदी का उर्स सम्पन्न**



नेशनल हाईवे स्थित दुनिया भर में मशहूर हजरत बाबा फरीदी रह. की दरगाह पर सोमवार सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी हुई। उसके बाद से ही दरगाह पर जायरीनों के आने का सिल. सिला शुरू हो गया था। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही दूसरे राज्यों से भी आए जायरीनों ने बाबा की दरगाह पर चादरपा. ेशी कर मन्नतें मांगी। दरगाह पर कव्वाली का कार्यक्रम भी बादस्तूर जारी रहा, कव्वालों ने बाबा की शान में सूफीयाना अंदाज में कव्वाली पेश की। दोपहर एक बारह बजे से कुल शरीफ की रस्म शुरू की गई। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। सज्जादानशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी ने कौमी एकता, भाईचारा, सद्भाव और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ कराई। कु ल शरीफ के बाद कोड़ी लूटाने की रस्म अदा की गई। सज्जादानशीन ने कौड़ियां फेंकी, जिन्हे लूटने के लिए लोग बेताब रहे। मान्यता है कि कोड़ी रखने से धन ओर यश की प्राप्ति होती है। रात को महफिले समा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाजी खुर्शीद अनवर, उवैस मुस्तफा रिजवी, मंसूर अहमद सिद्दीकी, महमूद अली उर्फ भूरे, नवाजिश अली, ख्वाजा रिफाकत फरीदी, मुनीर फरीदी, इसरार अख्तर, रिफाकत फरीदी, एहसान फरीदी के अलावा मुरादाबाद, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, दिल्ली, हापुड़, गाजियाबाद, महाराष्ट्र, शोलापुर आदि जगहों से बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पर हाजिरी देने पहुंचे। उधर, दरगाह परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की और खान-पान का भी लुत्फ उठाया। उधर पूर्व एमएलसी परवेज अली भी हजरत बाबा फरीदी की दरगाह पहुंचे तथा उन्होंने दरगाह पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन व खुशहाली के लिए दुआ की।



## एक नजर

### डीएम-एसपी ने लिया रूट का जायजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनन्द ने रामडोल शोभायात्रा के मार्गो का निरीक्षण किया। कमेटी के पदाधिकारियों के साथ डीएम व एसपी मोहल्ला कोट स्थित रियासत मन्दिर से होते हुए कोट चौराहा, सर्राफा बाजार, गुजरी, जट बाजार, बडा बाजार, तहसील कालाकुआं होते हुए पनवाड़ी स्थित यादव मन्दिर पहुंचे तथा रूट का निरीक्षण किया। कमेटी के पदाधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बन तैनात करने की मांग की। जबकि जिन रास्तों पर विद्युत तार नीचे है उन्हें ऊपर करने की मांग दोहरायी। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा, पंकज जिंदल, सचिन त्रिवेदी, सुभाष शर्मा, विवेक शर्मा, मयंक शर्मा, नमन जैन आदि मौजूद रहे।

### पुलिस कर्मियों निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** पुलिस कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे भी लगाये। एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर सांय चार बजे डिडौली कोतवाली हरीशवर्द्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। पुलिस कर्मियों ने हाथों में तिरंगे ले रखे थे तथा देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। कोतवाल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जगाना है तथा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाना है। उन्होने लोगों से अपील की कि वह 15 अगस्त को घरों व दुकानों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा अवश्य फहरायें। ताकि आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाया जा सके।

### प्लास्टिक का प्रयोग न करने का लिया प्रण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** इनर व्हील क्लब आफ सरगम ने प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प लिया। जबकि ऑटो रिक्शा चालकों व गरीब लोगों को थैले भी बांटे। जोया रोड स्थित एक होटल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इनर व्हील क्लब आफ अमरोहा सरगम का कार्यक्रम हुआ। जिसमें अध्यक्ष शिल्पा गेरा ने कहा कि प्लास्टिक से फैलने वाला प्रदूषण सबसे घातक है। क्लब के सदस्यों ने टीपीनगर चौराहा पहुंच गरीबों, ऑटो रिक्शा चालकों, दुकानदारों के कपड़े के थैले बांटे। इस मौके पर अंकिता कालरा, सुमन अरोड़ा, प्रतिति लोचन, रितु अग्रवाल, संजय माहेश्वरी, शालिनी महोश्वरी, शिवानी टंडन आदि मौजूद रहीं।



# अनु रानी ने जीता जैवलिन खिताब

### इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में खिताब जीतने वाली अनु रानी ने 62.01 मी. थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओलंपियन अनु रानी ने इंडियन ओपन 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स ब्रॉन्ज लेवल कॉन्टिनेंटल टूर में अपनी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए महिला भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता।

इस सप्ताह की शुरुआत में इंटरनेशनल विस्लाव मैनियाक मेमोरियल में जैवलिन थ्रो खिताब जीतने वाली अनु रानी ने रविवार को हुई स्पर्धा में 62.01 मीटर थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। श्रीलंका की एन डीएल हटारबाग लेखा (56-27 मीटर) और दीपिका (54-20 मीटर) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में श्रीलंका के रुमेश पथिरंगे ने 86.50 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। रुमेश पथिरंगे ने पिछले महीने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में कांस्य पदक जीता था।

शिवम लोहकरे 80.73 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि सुमेदा जे राना. सिंघे 80.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) और यशवीर सिंह (78. 53 मीटर) क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहे। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने 20.77 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अनिमेष कुजूर के नाम पुरुष 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। दक्षिण कोरिया के सेंगवान को (20-95) दूसरे स्थान पर रहे, जबकि रगुल कुमार (21.17) तीसरे स्थान पर रहे। महिला 200 मीटर दौड़ में एंजल सिल्विया ने 23:95 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए जीत हासिल की। नित्या गांधे, जो पहले 100 मीटर रेस में तीसरे स्थान पर रही थीं, उन्होंने 24:11 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति अय्यप्पा 24:56 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रही। इस बीच, एशियन चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता विशाल टीके ने 45:72 सेकेंड का समय दर्ज करते हुए पुरुष 400 मीटर स्पर्धा जीती।अमोज जैकब 45: 86 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे और संतोष कुमार टी 46 : 89 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एशियन गेम्स के रजत पदक विजेता मोहम्मद अफसल पी ने पुरुष 800 मीटर दौड़ में 1:46:60 का समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि प्रकाश गड्डे (1:47:14) और कृष्ण कुमार (1:48:00) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला 1500 मीटर दौड़ में, एशियन चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा (4:15:13) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लिली दास (4:17:66) दूसरे और अमनदीप कौर (4:27:14) तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, मुरली श्रीशंकर ने अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की सीजन की सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ पुरुष लांग जंप खिताब जीता।

## बोधना बनी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई है। इंग्लिश शतरंज महासंघ (ईसीएफ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कि हैरो की इस 10 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को लिवरपूल में 2025 ब्रिटिश शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम दौर में 60 वर्षीय ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर जीत हासिल की। 10 साल, पांच महीने और तीन दिन की उम्र में शिवानंदन की यह जीत अमेरिकी कैरिसा यिप के 2019 के रिकॉर्ड को तोड़ती है, जो आगे चलकर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर बनीं। ईसीएफ ने कहा कि बोधना की जीत ने महिला अंतर्राष्ट्रीय मास्टर खिताब हासिल करने के लिए आवश्यक अंतिम 'मानदंड' या परिणाम भी हासिल कर लिया है, जो शतरंज के सर्वोच्च खिताब, ग्रैंडमास्टर, की ओर एक कदम है। बोधना ने इस आयोजन के दौरान 24 रेटिंग अंक हासिल किए और 26वें स्थान पर रहीं एक 10 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। ईसीएफ के विशेषज्ञ कमेंटेटर डैनी गोरमली ने कहा किआखिरकार उन्होंने यह कैसे जीत लिया। वह जरूर कोई जाद. गरनी होंगी। उन्हें सरल पो. जिशनल मूव्स खेलना पसंद है, कुछ खास नहीं, वह बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं और खेल के आखिर में अपने विरोधियों को मात देने का प्रयास करती हैं। उनके खेल में विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन या महान जोस राउल कैपब्लांका की झलक दिखती है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### करेन खाचानोव ने अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**अमेरिका, वार्ता।** रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया। यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है। यहां खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया। इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए है। इस सूची में ग्रिगोर दिमित्रोव 318 जीत के साथ शीर्ष पर है। 309 मैच जीतने वाले डेनियल मेदवेदेव दूसरे स्थान, 288 जीत के साथ एलेक्जेंडर जेवरेव तीसरे, मिलोस264 चौथे, रुबलेव 253 पांचवें, डेविड 228 छठे, फ्रिट्ज 221 सातवें, स्टेफानोस 219 आठवें,डी मिनौर 212 नौवें व करेन खाचानोव 200 जीत के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए है।

### आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में टेका मत्था

**वाराणसी, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने श्री काशी विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बनारसी अंदाज में गलियों में चाय की चुस्की का भी आनंद लिया। आचार्य वेंकटेश मिश्र ने बताया कि आकाशदीप ने बाबा श्री काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में उनके प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काशी में दर्शन-पूजन की तस्वीरें साझा करते हुए आकाशदीप ने लिखा किना सोना मांगा, न चांदी मांगी, बस चरणों में यही वंदना मांगी।

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आखिरी बाधा को तोड़ देंगे: हरमन प्रीत

- **घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है और उम्मीद हैं कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान ने सोमवार को कहा कि आगामी एकदिवसीय विश्वकप में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर आखिरी बाधा को तोड़ते हुए भारतीय प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करेंगे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आगामी विश्वकप की उलटी गिनती शुरू होने पर हरमनप्रीत ने कहा किघरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और उम्मीद है कि इस बार हम अपना शत-प्रतिशत देंगे और आखिरकार उस बाधा को तोड़ देंगे जिसका सभी भारतीय प्रशंसक इंतजार कर रहे हैं।

भारत 2005 में उपविजेता रहा, 2009 में तीसरे और 2013 में सातवें स्थान पर रहा। 2017 में वे खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन लॉर्ड्स में इंग्लैंड से फाइनल हार गए, और 2022 में पांचवें स्थान पर रहे। हरमनप्रीत ने 2017 के टूर्नामेंट के उस निराशाजनक पल को याद किया जब




उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। भारतीय कप्तान ने याद करते हुए कहा किमुझे आज भी वह पारी याद है। वह बहुत खास थी। उसके बाद मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत कुछ बदल गया। उस समय मुझे पूरी तरह से एहसास नहीं था कि क्या हुआ था लेकिन जब हम फाइनल हारने के बाद भारत लौटे, तो हमारा इंतजार कर रहे और हमारा उत्साहवर्धन कर रहे लोगों की संख्या वाकई उल्लेखनीय थी। वह बहुत खास था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने पैनल चर्चा से पहले किया, जिसमें हरमनप्रीत और आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के अलावा भारतीय क्रिकेट स्टार मंधाना व जेमिमा रोड्रिग्स भी शामिल थीं।

## सीएसके बताए आगामी आईपीएल में क्या भूमिका होगी: आर अश्विन

- **अगर मैं टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठता तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है**

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से पूछा है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी भूमिका क्या होगी। उन्होंने फ्रैंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई आपत्ति नहीं है।

खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है। अगर किसी खिलाड़ी का ट्रेड होना हो तो यह नीलामी से एक हफ्ते पहले तक हो सकता है। अश्विन आईपीएल में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने सीएसके से शुरुआत की थी और इसके बाद वह राइलजग पुणे सुपरजायंट्स, लकग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। वह फिर 2025 में सीएसके में लौटे। सीएसके को अभी और भी बड़े फैसले लेने हैं, जिसमें कप्तानी का मामला भी शामिल है।

## नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस बिल लोकसभा में पास

- **आजादी के बाद सबसे बड़ा खेल सुधार, 1975 में पहली बार प्रपोजल लाया गया था: खेल मंत्री मनसुख**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल, 2025 पास हो गया।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद से भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। इस दौरान विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर प्रक्रिया) और कथित वोट धोखाधड़ी के खिलाफ विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को लाने की शुरुआत 1975 से हुई थी। लेकिन हर बार राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल कभी संसद नहीं जा पाया था। बिल पास होने पर मनसुख मांडविया ने कहा कि यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार है। यह बिल खेल संघों में जवाबदे. ही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि यह बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन अफसोस है कि विपक्ष इसमें शामिल नहीं हुआ। संसद में सुबह हंगामे के कारण सदन स्थगित हुआ, लेकिन दोपहर 2 बजे दोबा. रा शुरू होने पर दोनों बिल पास हो गए। विपक्ष के अधिकतर नेता उस समय सदन में नहीं थे, क्योंकि वे चुनाव आयोग के ऑफिस की ओर मार्च करते हुए हिरासत में ले लिए गए थे। बहस के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल का समर्थन भी किया, लेकिन बाद में विपक्ष लौटकर नारेबाजी करने लगा। हंगामे के बीच बिल को वायस वोट से पास किया गया। बीसीसीआई पर आरटीआई लागू नहीं होगा।

## एशिया कप: हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

- **सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितम्बर से खेला जाएगा टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है।

भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांडडा 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंडडा ने आखिरी इंटरनेशनल मुक. ाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था। सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी।

34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकव. री की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था। एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू होकर 28 सितम्बर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा



गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी।

भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

## हॉकी की 30 टीमें नए डिवीजन आधारित प्रारूप में करेंगी प्रतिस्पर्धा

- **टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा गया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार से शुरु होने वाली 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें नए डिवीजन-आधारित प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। यह टूर्नामेंट 23 अगस्त तक चलेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 30 टीमों को ए, बी और सी डिवीजन में बांटा किया गया है।

डिवीजन 'ए' की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि डिवीजन 'बी' और 'सी' की शीर्ष दो टीमें अगले स्तर पर पदोन्नति हासिल करेंगी। डिवीज़न 'ए' और 'बी' में सबसे नीचे की दो टीमें 2026 के लिए अगले डिवीजन में रेल. ेगेशन का सामना करेंगी। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं, जिनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा शामिल हैं। पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे और 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएँगे। टीमों को निम्नलिखित पूल में विभाजित किया गया है:-

**पूल ए:**- पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु

**पूल बी:**- उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र

**पूल सी:**- हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव(

**पूल डी:**- कर्नाटक, ओडिशा, आंध्र प्रदेश!

डिवीज़न 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा और अंतिम दो को डिवीजन 'सी' में रेलीगेट किया जाएगा। मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे।

## पाक की महिला टीम ने आयरलैंड को हराया



**डबलिन, वार्ता।** मुनीबा अली (नाबाद 100) की शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान की टीम आखिरी मैच में जीत दर्ज कर अपनी साख बचाने में कामयाब रही।

हालांकि आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की महिला टीम को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा। उसके बाद 55 के स्कोर पर नतालिया परवेज नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ 101 रनों की अविजित साझेदारी कर 17-4 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। मुनीबा अली को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से तथा सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगस्ट को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के पुरस्कार नवाजा गया। आयरलैंड की ओर से अवा कैनिंग और लारा मैकब्राइड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर रविवार रात को खेले गए मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया। आयरलैंड की महिला टीम के लिए एमी हंटर और कप्तान गैबी लुईस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। रमीन शमीम ने गैबी लुईस 22 गेंदों में (36) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद एमी हंटर (29), ली पॉल (11), रेबेका स्टोकेल (पांच) रन बनाकर आउट हुई। आयरलैड की टीम ने निर्धारित 20 ओव. रों में चार विकेट पर 155 रन का स्कोर बनाया। ऑर्ला प्रेंडरगस्ट 46 गेंदों में आठ चौकों की मदद से (नाबाद 64) रन बनाये। लॉरा डेलेनी पांच रन बनाकर नाबाद रही। पाक की ओर से फातिमा सना, सादिया इकबाल, वाहिदा अख्तर और रमीन शमीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 2025 में गिल समेत महज दो खिलाड़ी वनडे और टेस्ट दोनों प्रारूपों में बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

- **न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड दिया गया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच हालिया सीरीज में कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में दिखे। उन्होंने 10 पारियों में 75.40 की औसत से सबसे ज्यादा 754 रन बनाए। इनमें चार शतक शामिल हैं। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

वह इस साल अब तक उन दो खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें इस साल टेस्ट और वनडे, दोनों प्रारूप में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला है। उनके अलावा ऐसा करने वाले खिलाड़ी न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी हैं। इतना ही नहीं, गिल ने साल 2023 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन के मामले में भारत के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड जीता था। फरवरी में खेली गई वनडे सीरीज में गिल ने तीन पारियों में 86.33 की औसत से 259 रन बनाए थे। इसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

वहीं, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज अवार्ड दिया गया। उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में 16 विकेट झटके। इनमें दो पांच विकेट हॉल शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने इस साल की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड जीता था।

उन्होंने तीन मैचों में नौ विकेट झटके थे। इनमें दो 4 प स शामिल हैं।



# सम्पादकीय

मंगलवार, 12 अगस्त 2025

## विपक्ष का मार्च

मतदाता सूची संशोधन को लेकर विपक्ष पूरी तरह एकजुट दिखाई दिया। विपक्ष ने एकजुट होकर अपने तय कार्यक्रम के अनुसार संसद से अपने मार्च का आगाज किया। उसको चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन चुनाव आयोग के कार्यालय जाने से पूर्व ही लगभग 300 सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। यह अलग बात है कि उन्हें दो घंटे के बाद रिहा कर दिया गया। महिलाएं सांसद विशेष रूप से कुछ ज्यादा ही उग्र दिखाई दी। प्रियंका डिम्पल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगा रही थी। टीएमसी की दो सांसद तो बेहोश भी हो गईं। सांसद मिताली बाग और मऊआ मोइत्रा की तबियत अचानक बिगड़ गई।

विपक्ष जिस तरह आज एकजुट दिखाई दिया, उससे साफ दिखाई दिया कि यह मामला समाप्त होने नहीं जा रहा है, बल्कि हो सकता है कि यह आने वाले समय में और उग्र हो जाए। समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग हठधर्मिता से काम लेता क्यों दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी ने जो फर्जी वोटर लिस्ट को लेकर डाटा जारी किए हैं, उनकी जांच करने के बजाए वह उन्हीं से शपथ पत्र मांग रहा है। राहुल गांधी का यह कहना बिल्कुल सही है कि वह शपथ पत्र पर हस्ताक्षर क्यों करें, यह चुनाव आयोग का डाटा है मेरा नहीं। सीधी सी बात है कि चुनाव आयोग कुछ छुपाने की कोशिश कर रहा है, ऐसा राहुल गांधी का कहना है।

अगर चुनाव आयोग का यही रवैया रहा तो उसको समझना होगा कि उसकी साख बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी। लो. कतंत्र में साख बहुत मायने रखती है और जब किसी संस्था की साख ही खराब हो जाए तो उसकी सारी कवायद पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है। बात विपक्षी दलों की नहीं है, सुप्रीम कोर्ट में भी उसका अड़ियल रवैया दिखाई दिया। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अपने हलफनामे में उन 65 लाख नामों के विषय में जानकारी देने से इन्कार कर दिया, जिसकी जानकारी कोर्ट ने मांगी थी और तर्क दिया कि चुनाव आयोग को कोर्ट में इस तरह की जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। हालांकि कोर्ट को भी इस पर यहां तक कहना पड़ गया कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम न आंके। मतलब साफ है कि अब चुनाव आयोग सुलह-सफाई का रास्ता छोड़ टकराव की राह पर चलता दिखाई दे रहा है। यह स्थिति ठीक नहीं है। चुनाव आयोग पर यूं तो काफी समय से सत्ता पक्ष के रूप में काम करने के आरोप लग रहे थे और अब तो बिल्कुल हद ही हो गई। चुनाव आयोग इस समय एक पार्टी बनकर खड़ा हो गया है। जबकि उसको किसी की भी पार्टी न ही बनना है और बनते हुए दिखाई देना है, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी बार-बार चिल्ला रहे हैं, वह मात्र कोई एक सांसद नहीं हैं बल्कि नेता प्रतिपक्ष हैं और लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष का अपना एक संवैधानिक वजूद होता है। ऐसे में उनके आरोपों को एक सिरे से खारिज कैसे किया जा सकता है। लोकतंत्र का तकाजा यही है जो सवाल राहुल गांधी ने उठाए हैं, उनका जवाब चुनाव आयोग दे। राहुल गांधी ही नहीं पूरा देश इस पूरे मामले की सच्चाई को सामने आते देखना चाहता है।

## कहां हैं पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़



पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ साहब आखिर कहां हैं, उनकी सेहत कैसी है और क्या वे सुरक्षित हैं, दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके घर में कैद कर दिया गया है और उनकी सुरक्षा को लेकर आशंका जताई जा रही है, राज्यसभा के कुछ सदस्य पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफल नहीं हुए, उनके स्टाफ से भी कोई संवाद नहीं हो पाया, जो गंभीर चिंता का विषय है, राज्यसभा के कुछ सदस्य सुप्रीम कोर्ट में हैबियस कार्पस याचिका दाखिल करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि धनखड़ की मौजूदगी और सुरक्षा की पुष्टि हो सके।

**-संजय राउत**
**सांसद शिवसेना ( उद्धव गुट )**

# शार्क हमलों से एक द्वीप बन गया 'अनुसंधान केंद्र'

कभी सर्फिंग और पर्यटन के लिए मशहूर हिंद महासागर का फ्रांसीसी रीयूनियन द्वीप आज एक अलग ही वजह से वैज्ञानिकों का ध्यान खींच रहा है - शार्क हमलों का खतरा। हमलों का सिलसिला फरवरी 2011 में शुरू हुआ थी अगले आठ सालों में इस द्वीप के आसपास शार्क ने 30 लोगों पर हमला किया, जिनमें से 11 की मौत हो गई। इन हमलों के चलते इस द्वीप को 'शार्क द्वीप' या 'शार्क संकट' कहा जाने लगा।

हमलों के चलते समुद्र तट बंद कर दिए गए, सर्फिंग और तैराकी पर रोक लगा दी गई। पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ, लेकिन इसी संकट ने वैज्ञानिक शोध का एक मौका भी दिया। फ्रांस सरकार ने शार्क के व्यवहार को समझने, तटों की सुरक्षा बढ़ाने और नई तकनीकें विकसित करने के लिए करोड़ों यूरो का निवेश किया। रीयूनियन द्वीप शार्क अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया।

**शार्क हमलों को समझना**

शार्क की संख्या और उनकी गतिविधियों को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं थी, इसलिए इन हमलों का कोई कारण समझ नहीं आ रहा था। तब फ्रांस सरकार ने CHARC नामक एक रिसर्च प्रोग्राम शुरू किया। यह कार्यक्रम दो प्रमुख शार्क प्रजातियों - बुल शार्क Carcharhinus leucas एवं टाइगर शार्क Galeocerdo cuvier पर केंद्रित था, जो ज्यादातर हमलों के लिए जिम्मेदार मानी गई थीं। मकसद था इनके व्यवहार, प्राकृतवास और आवाजाही को समझना, ताकि भविष्य में ऐसे टकरावों को रोका जा सके।

CHARC प्रोजेक्ट से कई अहम जानकारियां मिलीं। वैज्ञानिकों ने पाया कि टाइगर शार्क एक तय मौसम में ही आती थीं और उन्हें गहरा पानी पसंद है। दूसरी ओर, बुल शार्क साल भर मौजूद रहती थीं और अक्सर तट के बेहद करीब तक आ जाती थीं।

**हमलों का कारण**

इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी।

इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं। यही तट सर्फरों के बीच भी सबसे लोकप्रिय थे।

शार्क हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कुछ अन्य कारण भी हैं। जैसे, 2007 में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए एक समुद्री संरक्षण क्षेत्र बनाया गया था। इससे मछलियों की संख्या बढ़ी जो शार्क का भोजन हैं। साथ ही, 1990 के दशक के मध्य में मेडागास्कर द्वीप में विषैला संक्रमण फैलने से शार्क का मांस बेचना बंद कर दिया गया। इससे शार्क पकड़ने में कमी आई, और उनकी संख्या बढ़ने लगी। यानी शार्क संकट पर्यावरणीय बदलाव, इंसानी गतिविधियों, और शार्क की स्थानीय स्थिति को ठीक से न समझने का मिला-जुला परिणाम था।

**बचाव के नए प्रयास**

जनता के बढ़ते दबाव को देखते हुए सरकार ने 2016 में शार्क सुरक्षा केंद्र की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना था जिससे शार्क हमले कम हों, लेकिन समुद्री पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस दिशा में एक बड़ा कदम इलेक्ट्रिक डेटरेंट्स था। ए पहनने योग्य उपकरण होते हैं जो बिजली के हल्के झटके छोड़ते हैं जिससे शार्क दूर रहती है। उपकरणों की जांच में नतीजे मिले-जुले रहे। एक उपकरण 43 प्रतिशत मामलों में कारगर रहा, बाकी उससे भी कम मामलों में। फिर आशंका इस बात की भी थी कि समय के साथ शार्क इन झटकों की आदी हो गई तो? फिर भी इन निष्कर्षों के आधार पर नियम सख्त कर दिए गए हैं। अब रीयूनियन में कुछ क्षेत्रों में सर्फिंग करने वालों को इलेक्ट्रिक डेटरेंट पहनना अनिवार्य है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग भी शार्क की निगरानी के लिए किया गया, लेकिन यहां की गंदी और गहरे रंग की रेत के चलते ड्रोन से शार्क को पहचानना मुश्किल था। विकल्प के रूप में पानी के अंदर एआई तकनीक से लैस कैमरे, गोताखोर और समुद्री जाल जैसी रक्षात्मक व्यवस्थाएं भी आजमाई गईं। दुनिया भर में जो एक तकनीक सबसे खास रही, वह थी SMART ड्रमलाइन Shark Management Alert in Real Time इसमें चारा लगे हुक होते हैं जो शार्क को पकड़ते हैं, लेकिन जैसे ही कोई जीव फंसता है, यह उपकरण सैटेलाइट से तुरंत अलर्ट भेज देता है। फिर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचकर देखते हैं, यदि कोई अन्य जीव फंसा हो तो उसे छोड़ दिया जात है, और अगर शार्क खतरनाक हो तो स्थिति अनुसार उसे मार भी देते हैं। शार्क सिक्यूरिटी सेंटर के निदेशक माइकल होरॉ मानते हैं कि सुरक्षा और समुद्री जीवन संरक्षण के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है। अब रीयूनियन प्रशासन का रुख थोड़ा नरम हुआ है। अब वे छोटी टाइगर शार्क को छोड़ देते हैं, और उन्हें टैग कर ट्रैक करने की योजना बना रहे हैं। बहरहाल, 2019 के हमले के बाद से अब तक रीयूनियन द्वीप पर कोई जानलेवा शार्क हमला नहीं हुआ है। द्वीप का समुद्री पर्यटन धीरे-धीरे बहाल हो रहा है। तैराकी पर लगे प्रतिबंधों में भी ढील दी गई है और दुनिया भर से वैज्ञानिक रीयूनियन आ रहे हैं ताकि इस द्वीप से पूरी दुनिया के लिए कुछ सबक ले सकें।



**इन हमलों में बढ़ोतरी के पीछे कई कारण थे। सबसे बड़ा कारण इंसानों की बढ़ती गतिविधियां थीं। 1980 से 2016 के बीच रीयूनियन द्वीप की आबादी 67 प्रतिशत बढ़ गई थी और साथ ही तैराकी और सर्फिंग भी, जिससे शार्क से सामना होने की संभावना भी बढ़ी। इसके अलावा, जमीन के इस्तेमाल और नई निर्माण परियोजनाओं का भी प्रभाव पड़ा। 2000 के दशक में एक बड़ा सिंचाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिससे द्वीप के पूर्वी हिस्से का पानी पश्चिमी हिस्से की ओर मोड़ा गया। इससे खेतों से निकला पानी समुद्र में बहने लगा और तटीय पानी की लवणीयता घट गई। बुल शार्क को कम लवण वाला पानी पसंद है। नतीजतन, वे पश्चिमी तटों पर ज्यादा आने लगीं।**

**एक सबक**

समुद्र जीवविज्ञानी अर्नो गॉथियर कहते हैं कि लोग शार्क को अक्सर दो नजरियों देखते हैं या तो बेचारी के रूप में, या फिर हमलावर के रूप में। लेकिन सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं है। वे समुद्र में स्वतंत्र रूप से विचरने वाले जीव हैं, शायद खतरनाक भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि वे हर इंसान को मारने की फिराक में रहते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि हम न सिर्फ शार्क के व्यवहार को समझें बल्कि प्रकृति के कामकाज में टांग अड़ाने के अपने व्यवहार पर भी थोड़ा नियंत्रण करें।

**...साभार स्रोत फीचर्स**

# डायबिटीज से लेकर वेट लॉस में काम आएगा यह फल

**अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है ( लगभग 59 ), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है। ध्यान रखने वाली बात- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप ( 50-75 ग्राम ) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।**

अनानास ना सिर्फ एक मस्त और यम्मी फल है, बल्कि यह अपनी बॉडी के लिए एकदम सुपरफ्रूट जैसा है। इसमें इतने सारे विटामिन, मिनरल्स और मस्त-मस्त चीजें हैं कि यह दिल की बीमारी, शुगर, लिवर और मोटापे जैसी प्रॉब्लम्स को दूर भगा सकता है, जो आजकल इंडिया में बहुत कॉमन है। बस इसको सही तरीके से खाना जरूरी है।



**दिल का अच्छा दोस्त अनानास**

अनानास में ब्रोमेलैन नाम का एक एंजाइम होता है, जो खून को पतला करता है और सूजन कम करता है। रिसर्च बताती है कि यह दिल के दौरे (हार्ट टैक) और स्ट्रोक (पक्षाघात) के चांसेस को कम कर सकता है, क्योंकि यह खून को जमने नहीं देता और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़िया रखता है। इसमें विटामिन सी भी भर-भर के होता है, जो धमनियों (आर्टरी) को मजबूत रखता है। साथ में पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है, जो इंडिया में 3 में से 1 अडल्ट के लिए एक बडी प्रॉब्लम है।

**क्या डायबिटीज वाले खा सकते हैं?**

अनानास में चीनी होती है, लेकिन अगर आप इसे कंट्रोल में खाएं, तो डायबिटीज वाले लोग भी इसे खा सकते हैं। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स GI मीडियम है (लगभग 59), तो अगर आप ताजा अनानास थोडी क्वांटिटी में खाते हैं, तो आपका ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ेगा। इसमें फाइबर और पानी भी होता है, जो शुगर को धीरे-धीरे बॉडी में जाने देता है।

**ध्यान रखने वाली बात**- टिन में बंद अनानास या जूस जिसमें एक्स्ट्रा चीनी हो, उसे बिलकुल नहीं खाना है। आप बस आधा कप (50-75 ग्राम) ताजा अनानास खा सकते हैं और इसे प्रोटीन या हेल्दी फैट के साथ लेने से शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

**लिवर को रखे फिट और फाइन**

अपने इंडियन खाने में तेल और मसाले ज्यादा होते हैं, तो लिवर पर लोड पडना कॉमन बात है, लेकिन अनानास में विटामिन सी, मैंगनीज और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो लिवर को डैमेज होने से बचाते हैं। ब्रोमेलैन डाइजेशन को भी सही रखता है, जिससे लिवर पर कम बोझ पडता है। अगर आप इसे रेगुलर खाते हैं, तो यह लिवर को हेल्दी रखने और फैटी लिवर जैसी बीमारी से बचाने में हेल्प कर सकता है।

**वेट लॉस में भी सुपर-डुपर हेल्पफुल**

अनानास में कैलोरीज बहुत कम होती हैं (100 ग्राम में सिर्फ 42 कैलोरी) और यह फैट-फ्री होता है। इसकी नेचुरल मिठास आपको मीठा खाने की क्रेविंग से बचाती है, और फाइबर आपको पेट भरा हुआ महसूस कराता है। ब्रोमेलैन प्रोटीन को भी पचाने में मदद करता है, जिससे बॉडी को फायदे मिलते हैं।

**टिप**- सुबह या दोपहर के स्नैक में लगभग एक कप (150 ग्राम) अनानास खाना सही है, बस इस बात का ध्यान रखना कि यह आपकी डेली डाइट का हिस्सा हो।

**...साभार प्रभा**

# कहीं पैसों की वजह से बिखर न जाए रिश्ता

रिश्ते में सिर्फ प्यार, परवाह और आकर्षण ही काफी नहीं होता। पैसे भी एक अहम हिस्सा होते हैं। अक्सर लोग इस बारे में बात करने से बचते हैं और यहीं से मुश्किलें शुरू होती हैं। यह सच है कि पैसा मायने रखता है, खासकर जब आप किसी के साथ अपनी जिंदगी बिता रहे हों। कई बार पैसों की वजह से अच्छे-खासे रिश्ते भी टूट जाते हैं। इसलिए यह समझना बहुत जरूरी है कि एक मजबूत रिश्ते के लिए आर्थिक समझदारी भी उतनी ही अहम है, जितनी बाकी सब कुछ।



**खर्चों को मैनेज करने के आसान तरीके**

1. **50-50 बंटवारा**

यह सबसे आसान तरीका है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई लगभग बराबर हो। इसमें आप दोनों साझा खर्चों (जैसे किराया, खाने-पीने का सामान, इंटरनेट) में आधा-आधा हिस्सा देते हैं। यह तरीका उन लोगों के लिए सही है जो चाहते हैं कि सब कुछ बराबर रहे। आप एक जॉइंट अकाउंट बना सकते हैं या एक-दूसरे को आधा पैसा दे सकते हैं। लेकिन, अगर एक की कमाई बहुत ज्यादा है, तो दूसरे को यह बंटवारा सही नहीं लगेगा और उस पर दबाव भी पड सकता है।

2. **कमाई के हिसाब से बंटवारा**

यह तरीका ज्यादा सही है, खासकर तब जब आप दोनों की कमाई में बड़ा अंतर हो। इसमें खर्च को आपकी कमाई के हिसाब से बांटा जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपकी कुल कमाई में आपका हिस्सा 40 प्रतिशत है और आपके पार्टनर का 60 प्रतिशत, तो आप खर्च का 40 प्रतिशत देंगे और वे 60 प्रतिशत देंगे। यह एक अच्छा तरीका है क्योंकि इसमें कोई दबाव नहीं होता। पर इसके लिए आपको एक-दूसरे को अपनी कमाई खुलकर बतानी होगी।

3. **सब कुछ एक साथ**

अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।

4. **तुम यह, मैं वह**

इस तरीके में आप हिसाब-किताब नहीं करते, बल्कि खर्चों को बांट लेते हैं। जैसे, एक किराया देता है और दूसरा बाकी सामान का खर्च उठाता है। यह बहुत आसान लगता है और आपको बार-बार पैसे देने-लेने का हिसाब नहीं रखना पडता। पर इसका एक नुकसान है कि किराया बाकी खर्चों से ज्यादा हो सकता है, जिससे एक पार्टनर को लग सकता है कि वह ज्यादा दे रहा है। इसलिए समय-समय पर बात करते रहना जरूरी है।

5. **बस साझा खर्चों के लिए**

**अगर आप और आपके पार्टनर एक-दूसरे पर बहुत भरोसा करते हैं और आपकी जिंदगी पूरी तरह से एक हो गई है, तो यह तरीका अच्छा है। इसमें आप दोनों की कमाई एक ही अकाउंट में जाती है। फिर उसी से सारे बिल और बाकी खर्च किए जाते हैं। यह उन कपल्स के लिए सबसे अच्छा है जिनकी शादी हो चुकी है या जो लंबे समय से साथ हैं। इससे तनाव कम होता है और टीम वाली भावना आती है। लेकिन, इसके लिए आप दोनों को अपनी खर्च करने की आदतें समझनी होंगी और एक-दूसरे पर पूरा भरोसा करना होगा।**

यह तरीका उन लोगों के लिए है जो अपनी आजादी पसंद करते हैं। आप दोनों अपनी-अपनी कमाई और खर्च अलग-अलग रखते हैं और सिर्फ साझा खर्चों (जैसे किराया) में ही योगदान करते हैं। इससे चीजें सरल रहती हैं और आपको अपनी पसंद की चीज खरी. दने के लिए किसी से पूछना नहीं पडता।

6. **जब जैसा मन हो**

यह उन कपल्स के लिए है जो ज्यादा प्लानिंग नहीं करते। एक बार आप खाने का बिल भरते हैं, तो अगली बार आपका पार्टनर किराने का सामान ले आता है। यह तरीका शुरुआत में अच्छा लगता है, पर अगर एक को हमेशा ज्यादा देना पड रहा है, तो मनमुटाव हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगे कि ऐसा हो रहा है, तो तुरंत बात करें।

## राजनीति गलियारा

कविता

कमल में खाद पानी डल रहा है, इसलिए फूल खिल रहा है।
हाथी को भर पेट चारे की जगह मूंगफली खिलाई जा रही है इसलिए धीमा चल रहा है।
देख कर हाथी की चाल केतली उफन रही है, जिस वजह से कुछ लोगों की हालत बिगड़ रही है।
बिहारियों की हालत, लालटेन, बांग्ला, तीर, एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे हैं।
एआईएमआईएम जैसे चूजे बिना दिशा के गलियों में दाने तलाश रहे हैं।
नल की हालात भी कुछ ऐसी है की कभी इस घेर, कभी उस घेर, कभी उस घर में कभी इस घर में गढ़ रहा है इसी हाल से नल की जाली चौक हो रही है, पानी के साथ रेट फेंक रहा है।
झाड़ू की भी सीखें मुड़ गई हैं कचरा साफ नहीं हो पा रहा है।
साईकिल चली सड़क पर हर कोई दौड़कर पड़ रहा है हिम्मत है साइकिल वाले की सबका हाथ पकड़ कर बैठा रहा है।
हाथ सज धज कर खड़ा-खड़ा सबको सिर्फ टाटा बाय बाय कर रहा है।
जानता है परेशान क्या करें कहां जाएं सब सोच में खड़े हैं देख कर नीतीश नायडू की चाल है असमझस में पड़े हैं,
पता नहीं ये नेता कहां जाएं कहां बैठे दीन ईमान खो बैठे हैं।
करके गठबंधन यारों के साथ, फिर कुर्सी के लिए संसद के बाहर विरोधियों के खेमे में खड़े हैं।
गुजारिश है आप सभी से इनके झांसे में ना आओ करो विवेक से कम और अच्छी सरकार बनाओ।
छोड़ो राजनीति की दुश्मनी मानवता का दीप जलाओ छोड़कर जाति, धर्म, चक्कर सद्भावना जगाओ रखकर हाथ पर हाथ मिलाकर एक साथ भारत की शान बढ़ाओ भारत की शान बढ़ाओ।

**...सुमेर सिंह धार**
**मेरठ रत्न एवं**
**पूर्व भारतीय सैनिक**



नई दिल्ली। मतदाता सूची के विवादास्पद संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी व अन्य विपक्षी पार्टियों के सांसद।

# इजरायली हमले में अलजजीरा के पांच पत्रकारों की मौत

## गाजा के मशहूर रिपोर्टर अनस भी मारे गए, इजरायल ने हमास का आतंकी बताया

**गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके**

**अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था**

**गाजा।** इजरायल के हमले में गाजा के अल शिफा हॉस्पिटल में कम से कम 5 पत्रकारों की मौत हो गई है। अलजजीरा के मुताबिक मारे गए लोगों में रिपोर्टर अनस अल-शरीफ और मोहम्मद करीकेह, कैमरामैन इब्राहिम जहीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफल शामिल थे।

रिपोर्ट के मुताबिक ये पत्रकार हास्पिटल के बाहर लगे प्रेस के एक तंबू में रह रहे थे। इस हमले में कुल 7 लोग मारे गए हैं। हमले के तुरंत बाद इजरायली सेना ने माना कि उन्होंने रिपोर्टर अनस अल शरीफ को निशाना बनाया था।

इजरायली सेना ने अनस को आतंकवादी बताया और दावा किया कि वह हमास में एक आतंकी सेल के चीफ के तौर पर काम कर चुका था। उसका काम इजरायली नागरिकों और सैनिकों पर राकेट हमले कराना था। इजरायली सोशल मीडिया हैंडल्स से अनस की यह तस्वीर शेयर की गई। इसमें वह हमास के पूर्व चीफ याह्या सिनवार के साथ है। सिनवार की पिछले साल इजरायली हमले में मौत हो गई थी। मरने से पहले अनस ने शेयर किया गाजा का वीडियो अनस अल शरीफ गाजा से रिपोर्टिंग करने वाले सबसे मशहूर चेहरों में से थे।

अनस को उनकी रिपोर्टिंग के लिए साल 2018 में फलस्तीन में बेस्ट यंग जर्नलिस्ट का पुरस्कार मिला था। 28 साल के अनस ने मौत से कुछ देर पहले ही एक्स पर इजरायली सेना की बमबारी का वीडियो शेयर किया था। उसके आखिरी पोस्ट में लिखा था कि लगातार बमबारी हो रही है, दो घंटे से गाजा शहर पर इजरायली हमला तेज हो गया है। अनस के पिता की दिसम्बर 2023 में इजरायली बमबारी में मौत हो गई थी। वे जबालिया शरणार्थी कैंप में थे। अनस ने कहा था कि उनका घर के तबाह होने और पिता की हत्या के बावजूद वे जबालिया और उत्तरी गाजा से रिपोर्टिंग जारी रखेंगे। गाजा में 22 महीने से चल रही जंग के बीच अब तक करीब 200 मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। अनस की मौत के बाद गाजा में पत्रकार सुरक्षा समिति (सीपीजे) ने इस पर नाराजगी जताई। सीपीजे ने बयान जारी कर कहा कि वह पत्रकारों की मौ त से हैरान है। सीपीजे की डायरेक्टर सारा कुदाह ने कहा कि बिना सबूत पत्रकारों को आतंकवादी कहना इजरायल की मंशा और प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति उसके रवैये पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार नागरिक होते हैं और उन्हें कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, और इसके जिम्मेदार लोगों को कड़ी जा मिलनी चाहिए। फलस्तीनी पत्रकार संघ ने भी इस हमले को 'खूनी अपराध' बताया और इसकी निंदा की है। इजरायल और अल जजीरा के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। इजरायली अधिक. ारियों ने देश में अल जजीरा पर प्रतिबंध लगा रखा है और गाजा में युद्ध के बाद इसके दफ्तरों पर छापेमारी भी की है। कतर अल जजीरा को फंडिंग करता है, हमास नेताओं को शरण देता है। कतर, इजरायल और हमास के बीच बातचीत का केंद्र भी रहा है। इस बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की योजना का बचाव किया है। उन्होंने रविवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी पर कब्जा करना जंग को खत्म करने का सबसे सही और आसान तरीका है। इजरायली सिक्योरिटी कैबिनेट ने शुक्रवार सुबह गाजा सिटी पर कब्जा करने की मंजूरी दी थी।

### संक्षिप्त समाचार

#### तुर्की में भूकंप से एक व्यक्ति की मौत और 29 लोग घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 तीव्रता मापी गई थी। भूकंप से एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 29 घायल हो गए है। बालिकेसिर में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए आंतरिक मंत्री अली येरलि. काया ने पुष्टि की कि भूकंप के झटके से एक 81 वर्षीय बुजुर्ग का निधन हो गया है। उन्होंने कहा कि घायलों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है, और खोज और बचाव अभियान अब समाप्त हो गया है।

#### इक्वाडोर के नाइट क्लब में गोलीबारी में आठ मरे, तीन घायल

**क्विटो।** इक्वाडोर के पश्चिमी प्रांत गुआयास के सांता लूसिया में रविवार को एक नाइट क्लब के बाहर बंदूकधारियों के एक समूह ने भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें आठ लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बंदूकधारी रविवार दो कारों में सवार होकर नाइट क्लब पहुंचे और वहां मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में शहर के मेयर उबाल्डो उर्कीज़ो का भाई जॉर्ज उर्कीज़ो भी शामिल था।

#### सीरिया में हो रही हिंसा तत्काल रुकनी चाहिए: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को दक्षिणी सीरिया के द्रुज़ प्रांत में स्थित सुवेदा में नागरिकों के खिलाफ हो रहीं हिंसा की कड़ी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर 12 जुलाई से सुवेदा प्रांत में हो रही हिंसा, सामूहिक हत्या और आंतरिक विस्थापन पर चिता जाहिर की। साथ ही परिषद ने सभी से युद्ध विराम का पालन करने और बिना किसी पक्षपात के सभी नागरिकों की रक्षा करने का आह्वान किया।

# पाक आर्मी चीफ के बयान पर भारत का पलटवार

## परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत, कहा: हमे सुरक्षा करना आता है

**टेक्सास।** भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं।

ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है। दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रोपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था कि भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे। आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गए एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान (सेंटकॉम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट किया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं-सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं।



- **आसिम मुनीर ने कहा था: सिंधु पर बांध बना, तो मिसाइल मारेंगे**
- **सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है**

### मुनीर ने फिर कश्मीर को गले की नस बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक बार फिर से कश्मीर को पाकिस्तान के 'गले की नस' बताया है। इससे पहले अप्रैल में भी मुनीर ने ऐसा ही बयान दिया था। उन्होंने कहा था-कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। मुनीर ने कहा कि कश्मीर, भारत का आंतरिक मसला नहीं है, बल्कि एक अधूरा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में है और पाकिस्तान उसका समर्थन करता है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन वे कब पहुंचे इसकी तारीख नहीं बताई गई है। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमे. रिका यात्रा है। उन्होंने फ्लोरिडा के टैम्पा शहर में रविवार को पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित किया। मुनीर ने कहा कि भारत क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने पर तुला हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि कोई भी गलती इलाके में बड़े संघर्ष की वजह बन सकती है।

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

## भारत मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं

- **कनाडा में इस पर 300 प्रतिशत तक टैरिफ स्विट्जरलैंड, कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं**
- **दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी**

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमे. रिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके।

# चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल: जेडी वेंस

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फाक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डालर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7 प्रतिशत कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

# लंदन: फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में 532 गिरफ्तारियों की पुष्टि

**लंदन।** लंदन में पुलिस ने एडवोकेसी नेटवर्क फलस्तीन एक्शन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन में शामिल 532 लोगों को गिरफ्तार किया है। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने रविवार को बताया कि स्थानीय समयानुसार रविवार को अपराह्न एक तक 18 लोग हिरासत में थे। पुलिस ने कहा कि जिन लोगों के विवरण की पुष्टि हो सकी, उन्हें ज़मानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पार्लियामेंट स्क्वायर से शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में लगभग 500 से 600 लोगों ने भाग लिया और इस दौरान कम से कम 365 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में प्रदर्शनकारियों को 'मैं नरसंहार का विरोध करता हूं' लिखे हुए पोस्टर पकड़े हुए दिखाया गया है।

# फलस्तीन को मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया

## न्यूजीलैंड बोला: हम भी विचार कर रहे, 17 दिन में चार देशों ने किया मान्यता देने का ऐलान




- **एंथनी अल्बनीज ने गाजा की मौजूदा हालत को दुनिया का सबसे बुरा सपना बताया**

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि इस पर सितम्बर में फैसला लिया जाएगा।

इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा भी फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके है। दो सप्ताह पहले फ्रांस ने जब फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने का ऐलान किया था, तब अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया ऐसा कोई कदम नहीं उठाने जा रहा है। अब अल्बनीज ने कहा कि अलग फलस्तीन देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं से बातचीत के बाद लिया गया। वहीं, न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि उनका देश भी फलस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने के लिए विचार कर रहा है।

अल्बनीज ने गाजा की मौजूद हालत को 'दुनिया का सबसे बुरे सपना बताया'। उन्होंने कहा कि इजरायल लगातार अंतर्राष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर रहा है। अब पश्चिम एशिया में हिंसा खत्म करने और गाजा में युद्ध, भूख और पीड़ा को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टू स्टेट साल्यूशन है, जिसमें राजनीतिक रास्ता अपनाया जाए, सैन्य नहीं। आस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर नेतन्याहू से भी बात की। उन्होंने महसूस किया है कि उनके तर्क एक साल पहले के जैसे ही हैं। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि अब सैन्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक समाधान की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन को मान्यता देने के पीछे कुछ शर्तें भी रखी हैं। पीएम अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीन प्राधिकरण (पीए) को यह वादा करना होगा कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में हथियारबंद गुटों और मिलिशिया को खत्म करेगा। अल्बनीज ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी फलस्तीनी राज्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि पीए ने उस सिस्टम को भी खत्म करने की बात कही है जिसमें इजरायल के लिए लड़ने वाले परिवारों को पैसे दिए जाते हैं। इसे अक्सर 'हत्या की कीमत' कहा जाता है। इसके अलावा अल्बनीज ने आम चुनाव करने और इजरायल के अस्तित्व के अधिकार को भी मान्यता देने की मांग की। फलस्तीनी प्राधिकरण ने आस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर कहा कि एक अलग देश का दर्जा मिलना उनके आत्म निर्णय के अधिकार को बढ़ावा देता है।

# वॉशिंगटन से सभी बेघरों को हटाएंगे: ट्रम्प



- **अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: कोई नरमी नहीं बरतूंगा, वाशिंगटन डीसी का साफ-सुथरा रहना जरूरी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वाशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा। ट्रम्प ने पहले भी कहा था कि शहरों से बेघर लोगों को हटाकर बाहर की सस्ती जमीन पर 'अच्छी गुणवत्ता वाले' टेंट में बसाया जाएगा। यहां उन्हें शौचालय और डाक्टर की सुविधा मिलेगी। ट्रम्प ने 24 जुलाई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिससे बेघर लोगों को गिरफ्तार करना आसान हो गया है। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि वाशिंगटन में अपराध पूरी तरह से बेकाबू हो गया है। इस वजह से उन्होंने 450 अधिकारियों को शहर में तैनात किया था।


प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108